


# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

केएल राहुल के इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे, भारत के दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल..... -पेजः 7


एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन निभाएंगे मल्टीपल रोल........ -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 105 | गुरुवार 24 जुलाई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## 'हिंदुस्तान में चुनाव की चोरी हो रही है, राहुल गांधी बोले- हम संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया' गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। ये सिर्फ बिहार की बात नहीं है, महाराष्ट्र में भी चोरी की- राहुल राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ये सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए।" 'हम खेल समझ गए हैं.' उनका कहना था, कर्नाटक में हमने

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं।**



अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है। हम खेल समझ गए हैं। हमने कर्नाटक में एक निर्वाचन क्षेत्र चुना और उसे पूरी तरह से समझा। छह महीने लगे और हमने चुनाव चोरी करने का इनका सारा सिस्टम समझ लिया है।" उनके मुताबिक, अध्ययन से यह पता चला है कि कैसे नए वोटर बनते हैं, कौन वोट करता है और कहां से वोट होता है। राहुल गांधी ने दावा किया, इनको समझ आ गई है कि हमने इनकी चोरी पकड़ ली है। इसलिए अब ये बिहार में पूरा का पूरा सिस्टम (चुनाव चोरी का) नए तरीके से कर रहे हैं। ये मतदाताओं का नाम हटाएंगे और नए तरीके से सूची बनाएंगे।" हम चुप नहीं बैठेंगे- राहुल गांधी उन्होंने आरोप लगाया, हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं।

ये सच्चाई है हिंदुस्तान की।" बाद में राहुल गांधी ने एक्स' पर पोस्ट किया, हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है। महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की, वहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी मिली, जल्द जनता के सामने लाएंगे।" उन्होंने आरोप लगाया, बिहार में एसआईआर के नाम पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।" कांग्रेस नेता जोर देते हुए कहा, हम चुप नहीं बैठेंगे। इंडिया' गठबंधन जन अधिकार की लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ेगा।"

## 'सीएम की रैली विफल बनाने की साज़िश फेल', विधायक उमेद पातुवास ने विपक्ष पर साधा निशाना



**चरखी दादरी :** भाजपा के बाढड़ा से विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि किसानों के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों के दिन लद चुके हैं। विपक्षी किसानों को ढाल बना रहे हैं। उनकी 24 जुलाई को होने वाली सीएम रैली को विफल बनाने की साजिश फेल हो चुकी है। बाढड़ा विधानसभा के कस्बा झोझू कलां में 24 जुलाई की विकास रैली ऐतिहासिक बनेगी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्षेत्र के विकास को लेकर करोड़ों की सौगात देंगे। बाढड़ा के भाजपा विधायक उमेद पातुवास ने कस्बा झोझू कलां में सीएम की होने वाली रैली की तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से साथ समीक्षा भी की। साथ ही पार्किंग, स्टेज व रैली में आने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हो, इस बारे विधायक ने दिशा-निर्देश जारी किए। बारिश के मौसम को देखते हुए जहां वाटर प्रूफ टेंट लगाया गया है वहीं एंट्री गेटों के अलावास आसपास क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि बाढड़ा में भाकियू की अगुवाई में चल रहा किसानों का धरना सांकेतिक चलेगी, किसानों का प्रतिनिधि मंडल झोझू रैली में सीएम नायब सैनी से मिलेगा और मांगों का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि झोझू कलां में होने वाली सीएम की विकास रैली रिकार्ड बनाएगी। रैली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं

## भारतीय नौसेना के चार जहाजों की सिंगापुर यात्रा पूरी, समुद्री सहयोग पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** दक्षिण पूर्व एशिया में तैनाती के दौरान पूर्वी बेड़े के जहाजों दिल्ली, शक्ति, सतपुड़ा और किल्टन ने सिंगापुर बंदरगाह पर अपनी यात्रा पूरी कर ली है। पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन के नेतृत्व ने इन जहाजों की 16 से 19 जुलाई तक परिचालन तैनाती की गई थी। यात्रा के दौरान सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के फ्लीट कमांडर से मुलाकात हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों और समुद्री सहयोग को बढ़ाने के अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की गई। दोनों देशों की नौसेनाओं का उद्देश्य अंतर-संचालन और आपसी समझ को मजबूत करना था इस यात्रा



के दौरान रियर एडमिरल सुशील मेनन ने समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास पर भारतीय नौसेना के दृष्टिकोण पर अकादमिक समुदाय के साथ अनौपचारिक चर्चा की। पूर्वी बेड़े के जहाजों के कमांडिंग अधिकारियों ने क्रांजी युद्ध स्मारक पर भव्य पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक बातचीत में क्रॉस-डेक दौरे, विषय वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण खेल गतिविधियां शामिल थीं, जिनका उद्देश्य अंतर-संचालन और आपसी समझ को मजबूत करना था। इस दौरान आईएनएस शक्ति पर एक डेक रिसेप्शन का आयोजन किया गया इसी दौरान आईएनएस शक्ति पर एक डेक रिसेप्शन का आयोजन किया गया, जिसमें सिंगापुर नौसेना के कर्मियों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, राजनयिक समुदाय के सदस्यों और भारतीय प्रवासियों ने समुद्री साझेदारी के बंधनों का जश्न मनाया। सिंगापुर बंदरगाह पर भारतीय नौसेना की यात्रा ने क्षेत्रीय स्थिरता, सुरक्षा और समुद्री सहयोग के प्रति भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता और योगदान को उजागर किया, जो क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## सदन किसी के बाप का नहीं, राजद विधायक ने क्यों कहा ऐसा? गुस्से में डिप्टी सीएम बोले- ये 90 का दशक नहीं

**पटना (एजेंसी):** बिहार में एसआइआर के खिलाफ विपक्ष के आक्रामक तेवर कम होते नहीं दिख रहे। बिहार विधानसभा में तीसरे दिन भी इस मसले पर विपक्ष का जोरदार हंगामा हुआ। बिहार में वोटर लिस्ट के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (सर) अभियान चल रहा है। इस दौरान भारी हंगामा हो गया। आरजेडी के विधायक भाई वीरेंद्र ने आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग कर दिया, जिसके बाद स्पीकर नंदकिशोर यादव ने साफ शब्दों में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से कहा कि भाई वीरेंद्र से माफी मंगवाएं, तभी सदन चलेगा। इस विवाद में जब डेप्युटी स्पीकर विजय सिन्हा ने बोलना शुरू किया तो स्पीकर नंदकिशोर यादव ने उन्हें भी डांटकर चुप करा दिया। कहा कि



आप सदन चला रहे हैं या मैं। भाई वीरेंद्र ने माफी नहीं मांगी तो स्पीकर अपनी सीट से उठकर चले गए। हम आपको बता दे कि जब तेजस्वी यादव संबोधित कर रहे थे तब स्पीकर नंदकिशोर यादव ने तेजस्वी यादव से कहा कि आप जल्दी अपना संबोधन पूरा कर लें क्यों आपके सुझाव से ही आपके साथियों को भी बोलने का समय तय किया गया है। स्पीकर नंदकिशोर यादव के इस बयान पर आरजेडी विधायक ने विवादित बयान देते हुए कहा कि किसी के बाप का है क्या सदन? इसके बाद सदन में हंगामा मच गया और नंदकिशोर यादव भड़क उठे। वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक भाई वीरेंद्र ने माफी मांगने से साफ शब्दों में मना कर दिया है। सदन के बाहर आने के बाद भाई वीरेंद्र ने कहा, 'सदन किसी की बपौती नहीं है। मैं अपने बयान पर अभी भी कायम हूं। मैंने कोई गलत काम किया ही नहीं, इसलिए माफी क्यूं मांगूं। बयान के बाद माहौल गरमा गया और सदन से बाहर आने के बाद डेप्युटी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि नेताप्रतिपक्ष को बोलने का मौका मिला। लंबे समय तक बोले। सदन की कार्यवाही के दो दिन बचे हैं, शांति से जनता के प्रश्नों पर चर्चा चलने दिया जाये। विधायक भाई वीरेंद्र ने जो कहा यह बयान सदन के अंदर उनके गुंडाराज को दशार्ता है। ये भूल गए हैं, ये 90 का दशक नहीं है। अगर ये माफी नहीं मांगेंगे तो ऐसे लोगों को सदन में बैठने का कोई औचित्य नहीं है।

## धनखड़ तो ठीक थे, दाल में कुछ तो काला है, उपराष्ट्रपति के इस्तीफे को लेकर खरगे ने पूछा सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि जगदीप धनखड़ के उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने में कुछ गड़बड़ है और सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। खरगे ने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस के लोगों से ज्यादा धनखड़ भाजपा और आरएसएस का "बचाव" करते थे, फिर भी उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा, "सरकार को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया, क्या कारण हैं, इसके पीछे क्या राज है। हमें तो लगता है कि 'दाल में कुछ काला है'। वो स्वस्थ दिखते हैं और हमेशा अच्छी शब्दावली रखते हैं। लेकिन हुआ क्या? वो भाजपा और आरएसएस का बचाव भाजपा-आरएसएस वालों से भी ज्यादा करते थे।" 'देश को जानने का हक' खरगे ने





कहा कि इतनी निष्ठा के बावजूद उनका इस्तीफा हैरान करने वाला है। उन्होंने पूछा, "देश को हक है कि उसे बताया जाए कि आखिर इस इस्तीफे के पीछे कौन है और क्या वजह है?" कांग्रेस का कहना है कि धनखड़ का इस्तीफा सिर्फ स्वास्थ्य कारणों से नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे कुछ गहरे राज हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को भी कहा था कि धनखड़ के इस्तीफे की वजह स्वास्थ्य से कहीं ज्यादा गंभीर है। पार्टी ने कहा कि यह इस्तीफा धनखड़ की शख्सियत को ऊंचा करता है, लेकिन उन लोगों के लिए सवाल खड़े करता है जिन्होंने उन्हें इस पद पर बिठाया था।

## मेरे लिए ये ठीक नहीं होगा, जस्टिस वर्मा मामले में सीजेआई गवई ने खुद को सुनवाई से क्यों किया अलग?

**नई दिल्ली (एजेंसी):** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि उनकी याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई हो। यह याचिका एक इन-हाउस जांच कमेटी की उस रिपोर्ट को रद करने के लिए दायर की गई है, जिसमें उन्हें नकदी कांड में गलत आचरण का दोषी ठहराया गया है। जस्टिस वर्मा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इसे तुरंत सुनने की अपील की है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया। उन्होंने चीफ जस्टिस बी आर गवई से अनुरोध किया कि इस याचिका को जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि इसमें कुछ अहम संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं। चीफ जस्टिस गवई ने कहा, "मुझे एक बेंच गठित करनी होगी।" गौरतलब है कि इस याचिका पर सुनवाई करने से सीजेआई बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा है कि उनके लिए इस मामले की सुनवाई करना उचित नहीं होगा क्योंकि वह जस्टिस वर्मा से जुड़े विवाद पर बातचीत का हिस्सा थे। सीजेआई ने



बाद में साफ किया कि न्यायालय इस पर फैसला लेगा और जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई के लिए एक उपयुक्त बेंच नियुक्त करेगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से महाभियोग की सिफारिश को चुनौती जस्टिस वर्मा ने अपनी याचिका में तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की 8 मई की उस सिफारिश को रद करने की मांग की है, जिसमें संसद से उनके खिलाफ इम्पीचमेंट की कार्रवाई शुरू करने की बात कही गई थी। यह सिफारिश उस जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर की गई थी, जिसने जस्टिस वर्मा को दोषी पाया था। यह जांच पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अगुवाई में हुई थी। कमेटी ने 10 दिनों तक जांच की, 55 गवाहों से पूछताछ की और उस जगह का दौरा किया, जिस जगह पर 14 मार्च को रात करीब 11:35 बजे जस्टिस वर्मा के दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहते हुए उनके सरकारी आवास पर आग लगी थी। 'जस्टिस वर्मा का आचरण संदिग्ध' यह आग जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास पर लगी थी, जो उस वक्त दिल्ली हाई कोर्ट में उनकी पोस्टिंग के दौरान हुआ। इस हादसे के दौरान उनके घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। इसके बाद जांच कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस वर्मा का आचरण संदिग्ध था, जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई। जस्टिस वर्मा अब इलाहाबाद हाई कोर्ट में हैं और इस मामले में अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। उनकी याचिका में इस जांच और इसके नतीजों को चुनौती दी गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी सहित कई मंत्रियों ने चंद्रशेखर आजाद को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली (एजेंसी):** स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर आज देश के प्रमुख नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आजाद के साहस, बलिदान और देशभक्ति की भावना को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा। चंद्रशेखर आजाद वीरता और साहस के प्रतीक थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद वीरता और साहस के प्रतीक थे। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं को न्याय के लिए डटकर मुकाबला करने की प्रेरणा दी। आजाद ने अपनी क्रांतिकारी भावना से अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आजाद को सच्चा देशभक्त बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी क्रांतिकारी भावना से अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी। उन्होंने कहा, आजाद ने अंतिम सांस तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और राष्ट्र सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। चंद्रशेखर आजाद ने स्वतंत्रता आंदोलन को जन-आंदोलन में बदला भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंद्रशेखर आजाद को मां भारती का सच्चा सपूत बताया और कहा कि आजाद ने स्वदेशी, स्वराज और भारतीय संस्कृति के प्रति जन जागृति पैदा की



और स्वतंत्रता आंदोलन को जन-आंदोलन में बदला। चंद्रशेखर आजाद का जीवन राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आजाद के समर्पण को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनका जीवन देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, मातृभूमि को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। चंद्रशेखर आजाद का जीवन त्याग,संघर्ष और बलिदान की गाथा है केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंद्रशेखर आजाद को साहस और दृढ़ता का पर्याय बताया और कहा कि आजाद की बलिदान गाथा युगों-युगों तक प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा, मां भारती के अनन्य उपासक, दृढ़ता, साहस और आत्मविश्वास के पर्याय, महान क्रांतिकारी, वीर हुतात्मा चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर कोटिशः नमन करता हूं! मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए आपने त्याग, संघर्ष और बलिदान की जो गाथा लिखी है, वह युगों-युगों तक राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। वीर सपूत के चरणों में बारंबार प्रणाम! चंद्रशेखर आजाद का जीवन है वीरता का अद्वितीय प्रतीक केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आजाद को वीरता का अद्वितीय प्रतीक बताते हुए उनके जीवन को मां भारती की सेवा में समर्पित बताया। उन्होंने कहा, मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व जीवन खपा देने वाले, साहस व वीरता के अद्वितीय प्रतीक, महान क्रांतिकारी, अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती पर कोटिशः नमन करता हूं चंद्रशेखर आजाद ने अपने अप्रतिम साहस और देशभक्ति से ब्रिटिश शासन की जड़ें हिला दीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आजाद के क्रांतिकारी योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका प्रसिद्ध कथन, दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं और आजाद ही रहेंगे। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिवीर, अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। चन्द्रशेखर आजाद जी ने अपनी अद्वितीय देशभक्ति से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने का काम किया और समस्त राष्ट्र को स्वतंत्रता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपने जीवन के सर्वोत्तम क्षणों को देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन भारतीय स्वाधीनता संग्राम की एक अनमोल धरोहर है। दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं

## संपादकीय

# ईएफटीए से व्यापार समझौता

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को बताया कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) आगामी एक अक्टूबर से लागू होगा। आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विटजरलैंड ईएफटीए के सदस्य देश हैं। इस समूह का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विटजरलैंड है। बाकी के तीन देशों के साथ भारत का व्यापार बनिस्बत कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कारोबारी मामलों में मानसिक अस्थिरता और हर छोटे-बड़े देश पर टैरिफ थोपने की आतुरता के चलते ईएफटीए के तहत मिलने वाली बाजार पहुंच निश्चित ही भारत के लिए उत्साहजनक घटनाक्रम है। इस बाजार पेशकश में 100 फीसद गैर-कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर टैरिफ में रियायत शामिल हैं। समझौते में भारत 82.7 फीसद टैरिफ लाइनों की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए के 95.3 फीसद निर्यात को कवर करती है। दूसरी तरफ, ईएफटीए ने अपनी 92.2 फीसद टैरिफ लाइनों की पेशकश की है। जाहिर है कि इससे दोनों पक्ष लाभान्वित हो सकेंगे। बताया गया है कि समझौता लागू होने से देश में दस लाख से ज्यादा नौकरियां निकलेंगी। साथ ही, घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट आदि कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे। समझौते से भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आने तथा कई क्षेत्रों में परस्पर आर्थिक सहयोग गहराने की संभावना है। बीते 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर का एफडीआई इन देशों से भारत पहुंचा था। उम्मीद है कि एफटीए के कार्यान्यन से अगले 5 वर्षों में 50 अरब डॉलर का अतिरिक्त विदेशी निवेश इन देशों से भारत पहुंचेगा। दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता नतीजाकुन होने के लिए जरूरी है कि व्यापार, निवेश और व्यावसायिक साझेदारी को बढ़ावा मिले। दोनों ओर के कारोबारियों के लिए व्यापार-अनुकूल माहौल बने। इसके लिए डेडिकेटेड भारत-ईएफटीए डेस्क शुरू की जा रही है, जो सरकारों और निजी कंपनियों, दोनों के लिए एकल खिड़की प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगी। विभिन्न देशों के ऐसे छोटे कारोबारी समूहों या ब्लॉकों के बीच होने वाले व्यापार समझौतों से अमेरिका जैसे बड़े देशों की दादागीरी पर यकीनन अंकुश लग सकेगा।




## चिंतन-मनन

# उपाय भी ठीक से हो


एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ?से मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ?से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## आवश्यकता है


आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# पर्यावरण संरक्षण भावना से जुड़ा भारत का हरियाली अमावस्या पर्व



श्रीराम माहेश्वरी



हरियाली अमावस्या पर्व पर्यावरण संरक्षण की भावना से जुड़ा है।

भारतीय संस्कृति में हरियाली अमावस्या पर्व का विशेष महत्व है। श्रावण मास में हरियाली अमावस्या के दिन भक्तगण पीपल वृक्ष की पूजा करते हैं। पीपल की पूजा के साथ भगवान श्री शिव जी का अभिषेक पूजा और माता पार्वती की पूजा करते हैं । इस दिन वृक्षारोपण करने वृक्षों का संरक्षण करने का श्रद्धालु संकल्प लेते हैं।

हरियाली अमावस्या व्रत के दिन श्रद्धालु कथा का वाचन करते और सुनते हैं। मान्यता है कि शिव पार्वती जी कथा सुनने से संकटों का निवारण होता है और मनोकामना पूर्ण होती है । इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और सुहाग का सामान आपस में वितरित करती हैं। सुबह शाम पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाती हैं। भारत के अनेक राज्यों में यह पर्व बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है।

हरियाली अमावस्या व्रत कथा- एक समय की बात है। एक राजा महल में पुत्रवधू सहित परिवार के साथ सुखपूर्वक रहता था। उसकी पुत्रवधू ने एक दिन रसोई में मिठाई देखी तो वह सारी मिठाई खा गई। जब उससे पूछा गया कि मिठाई कहां गई तो उसने कहा सारी मिठाई चूहे खा गए। पुत्रवधू की बात सुनकर चूहे ने क्रोध किया और इस गलत आरोप का उसने बदला लेने का सोचा । कुछ दिन बाद महल में मेहमान आए। इस दिन चूहे ने बहू की साड़ी चुराई और उसे अतिथि के कमरे में जाकर रख दी। सुबह सेवकों ने साड़ी को अतिथि के कमरे में देखा तो बहू के चरित्र पर बातें करने लगे। यह बात राजा ने सुनी तो उसने अपनी पुत्रवधू के चरित्र पर संदेह करते हुए उसे महल से निकाल दिया।

महल से निकलकर बहू एक झोपड़ी में रहने लगी और नियमित रूप से पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाने लगी । साथ ही वह पूजा करके गुड़धानी का भोग लगाकर लोगों में प्रसाद वितरित करने लगी।


एक दिन राजा उस पीपल के पेड़ के पास से गुजरे। उन्होंने देखा कि पेड़ के पास रोशनी जगमगा रही है। इस पर राजा को आश्चर्य हुआ। उन्होंने अपने सैनिकों से इस रोशनी का रहस्य पता लगाने के लिए कहा। सैनिक पेड़ के पास गए। वहां उन्होंने देखा कि दीपक आपस में बात कर रहे थे। एक दीपक बोला मैं राजा के महल से हूं । महल से निकाले जाने के बाद राजा की पुत्रवधू रोज मेरी पूजा करती है और मुझे प्रज्वलित करती है। अन्य दीपक ने पूछा कि राजा की बहू को महल से क्यों निकाला गया । उसने बताया की एक दिन बहू ने मिठाई खाकर चूहे का झूठा नाम लगा दिया था। इससे नाराज चूहे ने राजा की बहू से बदला लेने के लिए उसकी साड़ी चुराकर अतिथि के कमरे में रख दी थी। यह देखकर राजा ने उसे महल से निकाल दिया। सैनिकों ने राजा को पूरी कहानी सुनाई । यह सुनकर राजा ने अपनी गलती मानी और अपनी पुत्रवधू को महल में वापस बुला लिया ।

इस प्रकार पीपल की पेड़ की नियमित पूजा करने का फल राजा की बहू को मिला और वह अपना सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगी। कथा से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए निराधार अफवाह पर विश्वास कर जल्दी निर्णय नहीं लेना चाहिए। पेड़ों और जीव जंतुओं का संरक्षण करना चाहिए। पेड़ लगाने और उनका संरक्षण करने से हरियाली बढ़ती है। इससे मानव जीवन सुखद और स्वास्थ्यप्रद रहता है । लोगों के बीच सामाजिक समरसता बढ़ती है।

# तकनीक की छांव में लाचार मानवता!



सोनम लववंशी




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली में एक नई क्रांति का आह्वान किया है। तकनीक, डेटा और मशीन लर्निंग के मेल से ऐसा प्रतीत होता है मानो अब डॉक्टर नहीं, एल्गोरिद्म मरीज की ज़िंदगी तय करेंगे। लेकिन बीते कुछ वर्षों में जिस तरह की घटनाएं और रिपोर्ट्स सामने आई हैं, उन्होंने इस चमचमाती उम्मीद को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। सवाल यह उठता है कि क्या एआई इलाज का सशक्त माध्यम बनेगा, या फिर यह इंसान की नियति तय करने वाला निर्जीव और उत्तरदायी रहित यंत्र साबित होगा? विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया के 40 से अधिक देशों में चिकित्सकों की भारी कमी हो सकती है। भारत जैसे देश में, जहां पहले से ही हर 1,000 मरीजों पर केवल एक डॉक्टर है, वहां एआई को स्वास्थ्य सेवाओं में एक आशाजनक सहायक माना जा रहा है। देश के कई अस्पतालों और स्टार्टअप्स ने मेडिकल इमेजिंग, रिपोर्ट विश्लेषण और रोग पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में एआई तकनीक पर तेजी से निवेश किया है। लेकिन जिस तेजी से एआई को अपनाया जा रहा है, उतनी ही तेजी से उस पर प्रश्नचिह्न भी लग रहे हैं।

एआई आधारित चिकित्सा सलाह की विश्वसनीयता अब केवल तकनीकी विमर्श नहीं, बल्कि गहरे नैतिक और मानवीय सवालों का विषय बन चुकी है। 2023 में बेल्जियम में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली, जब एक एआई चैटबॉट एलाइजा ने जलवायु संकट रोकने के नाम पर आत्मबलिदान को उचित ठहरा दिया। यह व्यक्ति उस चैटबॉट से भावनात्मक रूप से जुड़ गया था, और बातचीत के अंतिम क्षणों में एआई ने उसकी आत्महत्या का समर्थन किया। इसी तरह अमेरिका में जामा ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन ने खुलासा किया कि एक कैंसर-संबंधी एआई चैटबॉट ने 34 प्रतिशत मामलों में गलत, भ्रामक या चिकित्सा दृष्टि से अनुपयुक्त सलाह दी। एआई की प्रतिक्रियाएं प्रश्न पूछने के तरीके पर निर्भर थीं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीज एक ही बीमारी के लिए अलग-अलग सलाह पा सकते हैं, एक तकनीकी गलती जो गंभीर परिणाम ला सकती है। इस सबके बीच डीपफेक तकनीक ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक संकटपूर्ण बना दिया है। गुजरात और महाराष्ट्र में वायरल हुए एक फर्जी वीडियो में एक वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट को एक आयुर्वेदिक दवा का प्रचार करते दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर सैकड़ों मरीजों ने कीमोथेरेपी बीच में ही छोड़ दी। एम्स दिल्ली के एक डॉक्टर के नकली वीडियो ने कोविड के इलाज के लिए घरेलू नुस्खों को बढ़ावा दिया, जिससे व्यापक भ्रम फैला। ये घटनाएं इस बात की चेतावनी हैं कि यदि तकनीक की नैतिक सीमाएं तय न की जाएं, तो उसका दुरुपयोग एक मानवीय त्रासदी का कारण बन सकता है।

चिकित्सा केवल परीक्षण और निदान का विज्ञान नहीं है, बल्कि यह अनुभव, सहानुभूति और संवेदना से जुड़ी एक गहन मानवीय प्रक्रिया है। जब एक एल्गोरिद्म मरीज की रिपोर्ट के आधार पर यह तय करता है कि कौन-सा इलाज उचित है, तो वह उस मानवीय दृष्टिकोण को पूरी तरह दरकिनार कर देता है जो चिकित्सा सेवा की आत्मा है। एक मशीन न तो किसी के चेहरे की चिंता पढ़ सकती है, न ही दर्द की मौन पुकार समझ सकती है। फिर कैसे माना जाए कि वही मशीन डॉक्टर का विकल्प बन सकती है? मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म जिस डेटा से प्रशिक्षित होते हैं, वही उनके निर्णयों की दिशा तय करता है। भारत जैसे विविध सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में यदि एआई का प्रशिक्षण डेटा पश्चिमी मानकों पर आधारित होगा, तो उसके निर्णय अनेक बार त्रुटिपूर्ण होंगे। यह पहले ही देखा गया है कि एआई ग्रामीण क्षेत्रों में या गर्भवती महिलाओं की देखभाल जैसे मामलों में सही परिणाम नहीं दे पा रहा है। इससे भी बड़ी चिंता है डेटा की निजता और सुरक्षा। अगर मरीज की मेडिकल जानकारी क्लाउड पर स्टोर होकर किसी विदेशी कंपनी के मॉडल को प्रशिक्षित करने में उपयोग हो रही है, तो यह केवल निजी जानकारी की चोरी नहीं है, एक व्यक्ति की पहचान का अवैध व्यापार भी है।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकारी व्यय अब भी न्यूनतम है। 2014-15 में सकल घरेलू उत्पाद में सरकारी स्वास्थ्य व्यय मात्र 1.13 प्रतिशत था, जो 2021-22 तक बढ़कर भी केवल 1.84 प्रतिशत हुआ। यह वैश्विक औसत से काफी पीछे है। ऐसे में यदि सरकारें एआई को कम लागत वाले समाधान के रूप में देखकर डॉक्टरों की जगह उसे बैठाने लगें, तो यह न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा, बल्कि बेरोजगारी और सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देगा। निजी अस्पताल और बीमा कंपनियां अगर मुनाफे के लिए एआई को अंतिम निर्णयकर्ता बना दें, तो चिकित्सा सुविधा एक मौलिक अधिकार नहीं, यह एक पूंजी-प्रेरित निर्णय बन जाएगी। ऐसे में यह आवश्यक है कि एआई चिकित्सा में सहायक बने, निर्णायक नहीं। विश्व की प्रमुख मेडिकल संस्थाओं ने पहले ही इस पर स्पष्ट चेतावनी दी है। भारत में यह रेखा दिन-ब-दिन धुंधली होती जा रही है। इसलिए अब समय आ गया है कि नीति-निमार्ता, चिकित्सक, तकनीक विशेषज्ञ और शोधकर्ता मिलकर इस प्रश्न पर गंभीर विमर्श करें कि क्या एआई इंसान की मदद करेगा, या उसे प्रतिस्थापित करेगा? तकनीक का विकास आवश्यक है, लेकिन यदि वह मानवता और नैतिकता को पीछे छोड़ दे, तो यह विकास नहीं, विनाश का रास्ता बन जाएगा। भारत को इस दोराहे पर खड़े होकर तात्कालिक लाभ की नहीं, दीर्घकालिक विवेक की राह चुननी होगी। जहां तकनीक, इंसान की सहयोगी हो, उसका विकल्प नहीं।

# एसआईआर की आंच से तपने लगा पश्चिम बंगाल



बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है। बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में भी एसआईआर के विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, लेकिन अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है। गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है। हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर पश्चिम बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होंगे। बीती 21 जुलाई को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे कभी अनुमति नहीं दी जाएगी। वास्तव में, ममता के निशाने पर भारतीय जनता पार्टी है। एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है। सब कुछ जानते बूझते हुए भी ममता एसआईआर को लेकर भाजपा पर राजनीतिक बाण चला रही हैं। भला एसआईआर करवाने या न करवाने से भाजपा का क्या संबंध? सोचिए, पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ, और ममता बनर्जी ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। इसी से तृणमूल कांग्रेस की बेचैनी को समझा जा सकता है।

ममता बनर्जी का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के मन में आदर का भाव बचा ही नहीं है। सीबीआई के अधिकारियों को बंधक बनाने से लेकर ईडी के अधिकारियों पर प्राणघातक हमले में प्रदेश सरकार और तृणमूल कांग्रेस की भूमिका जगजाहिर है। अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है।

ममता बनर्जी एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बीती 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण ह्लपिछले दरवाजे से एनआरसी लाने का एक भयावह कदम हैह्व संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन बिहार वोटर लिस्ट मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद में प्रदर्शन किया है। तृणमूल कांग्रेस के अलावा कांग्रेस, राजद, सपा और विपक्ष के अन्य दल इस विरोध में शामिल हैं।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फा?दा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है। बीते मार्च पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि पष्चिम बंगाल में 13 लख से अधिक फर्जी या डुप्लीकेट मतदाता हैं। बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है। तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है।

बीते दिनों मालदा जिले के गाजोल के एक गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक व्यक्ति नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं। इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है। बीती जून को सिलीगुड़ी में फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने किया था। राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गमार्या हुआ है। ममता बनर्जी ने ह्लफेक वोटरह्व की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है।

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नजर 2026 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को पछाड़ने पर है। दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो ज्यादा मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी। ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है। इसलिये उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं। लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है। वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं।

एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है। वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है। साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है। विपक्ष के इस दोहरे मापदण्ड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए। विपक्ष के ऐसे रवैये से एक बात तो साफ है कि विपक्ष चुनाव में मिली हार और अपनी नाकामी छिपाने के लिए चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम के सिर पर ठीकरा फोड़ता है? तय मानिए, आने वाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देशभर में सुनाई देगी। और यह भी लिखकर रख लीजिए इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की होगी। तृणमूल कांग्रेस के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा है कि दाल में कुछ नहीं बहुत कुछ काला है।

(स्वतंत्र पत्रकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# मत्स्य विभाग की योजना का लाभ लेने के लिए करे ऑनलाइन आवेदन: नीतू सिंह

**अमरोहा (सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश मत्स्य निदेशालय ओके दिशा निर्देश अनुसार पूरे प्रदेश के जिलों में मत्स्य विभाग की योजनाओं को लेकर पोर्टल संचालित कर दिया गया जिससे कि लाभार्थी सरकारी योजना का लाभ ले सके। वही अमरोहा जिले में सहायक निदेशक मत्स्य नीतू सिंह ने बताया है कि मत्स्य निदेशालय के दिशा निर्देश अनुसार मत्स्य विभाग की योजनाओं को लेकर वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल https://fisheries.up.gov.in दिनांक 24 जुलाई 2025 से दिनांक 14 अगस्त 2025 तक खोला जा रहा है। इस दौरान मत्स्य विभाग में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन



सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष अंतर्गत : मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइसबॉक्स परियोजना, अंतर राज्य निर्माण दक्षता विकास प्रदर्शनी और सेमिनार के लिए मत्स्य पाल को मछुआरों का प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम आदि योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए योजना द्वारा आवेदन पृथक पृथक करने होंगे। योजना अंतर्गत परियोजना का विवरण इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ सम्मेलन किए जाने वाले अभिलेख वह विस्तृत वितरण की विभागीय वेबसाइट https:// fisheries. up.gov.in पर देखा जा सकता है। उक्त योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्राविधान लागू होंगे। योजना में पूर्व के वर्षों में निरस्त प्रतिशत आवेदन वाले आवेदक उन्हें आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना के संबंध में मत्स्य विभाग के जनपदीय, मंडलीय व मत्स्य निदेशालय के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है मत्स्य निदेशालय के हेल्पलाइन नंबर 0522 2740 270 पर किसी भी कार्य दिवस में जानकारी हेतु संपर्क किया जा सकता है।

# जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खंड पर किए एडीओ पंचायतों के तबादले

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमार:-** जनपद की जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने जिले के विकास खंडों पर एडीओ पंचायतों का तबादला किया है। जिसमें एडीओ पंचायत राजवीर सिंह को ब्लॉक गजरौला से ब्लॉक अमरोहा, नरेन्द्र सिंह को ब्लॉक जोया से ब्लॉक हसनपुर, योगेंद्र सिंह को ब्लॉक हसनपुर से ब्लॉक मंडी धनौरा, सुरेंद्र कुमार को जनपद मुख्यालय से ब्लॉक जोया भेजा गया है। इसी के साथ विकासखंड गजरौला में एडीओ पंचायत मोहम्मद हारुन के योगदान न करने तक, ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार को गजरौला ब्लॉक पर एडीओ



पंचायत पद का अतिरिक्त प्रभार आवंटित किया गया है। सभी एडीओ पंचायत अपने-अपने विकास खंडों पर चार्ज ग्रहण करने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं और विकास को धरातल पर करने का कार्य करेंगे।


# राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे खुरपका-मुहंपका टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे प्रदेश में खुरपका-मुहंपका टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउददेशीय पशु चिकित्सा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त उपस्थित रही। निधि गुप्ता वत्स द्वारा जनपद के पशुपालकों से अपील की गई है कि सभी अपने पशुओं का टीकाकरण कराये तथा कान में छल्ला लगवाकर भारत पशुधन एप पर अपने पशुओं का पंजीकरण



कराने में पशुपालन विभाग की टीम को सहयोग प्रदान करें । जिलाधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध बहुउददेशीय पशु चिकित्सा वाहनों के सहयोग से सभी विकास खण्डों में आज से टीकाकरण कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया है। सभी गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंश का भी शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जायेगा। यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है तथा 45 दिन की अवधि में पूर्ण किया जाना है। पशुपालन विभाग की टीम प्रत्येक ग्राम में जाकर निःशुल्क टीकाकरण करेगी व शासन से प्राप्त निदेशों के अनुपालन में डाटा भारत पशुधन एप पर अपलोड किया जायेगा। लगभग 6.5 लाख वैक्सीन जनपद को प्राप्त हुई है जिसका भण्डारण कोल्ड चेन में किया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अमरोहा डा0 आभा दत्त द्वारा अवगत कराया गया कि खुरपका-मुहंपका एक विषाणु जनित रोग है जो संक्रामक है तथा रोगी पशु से अन्य पशुओं में तेजी से फैलता है। इस रोग में पशुओं में तेज बुखार, मुंह में छाले तथा खुरे के बीच नर्म खाल में छाले हो जाते हैं जो उचित उपचार व सही देखभाल न होने से पक कर गहरे घावों में बदल सकते हैं। दुधारू पशुओं की उत्पादकता बुरी तरह प्रभावित होती है तथा गर्भित पशुओं में गर्भपात भी हो सकता है । उपचार से बचाव हमेशा बेहतर होता है।

# जिलाधिकारी ने किया पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण







**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा विकास खण्ड अमरोहा के ग्राम याहियापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों का मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों, और समयबद्धता की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन बिछाने के कार्य तथा गांव में नल से जल आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था को देख गया और ग्राम वासियों से संवाद किया। उन्होंने ग्राम वासियों से जल बचाने, पेयजल को बर्बाद ना करने तथा शुद्ध क्लोरीन युक्त पेयजल का उपयोग करने के लिए बताया गया ताकि अशुद्ध जल से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। निरीक्षण के समय ग्राम में शुद्ध एवं क्लोरीन युक्त पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध पाई गई। उन्होंने कहा, यह कार्य जल जीवन मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप हैं और ग्रामीणों को स्वच्छ एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अब उन्हें स्वच्छ पेयजल घर पर ही उपलब्ध हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आई है और जीवन स्तर में सुधार हुआ है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण इं. चंद्रहास, सहायक अभियंता इं.शहरोज आरिफ, ओम इन्फ्रा लिमिटेड फर्म के परियोजना प्रबंधक इं. सत्येंद्र यादव, ग्राम प्रधान, टीपीआई संस्था के डीपीएम श मनोज कुमार धाकड़ एवं अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# थाना हसनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त 480 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस द्वारा गस्त के दौरान नुमाइश ग्राऊड के पास कस्बा हसनपुर से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त 1-फरजन्द अली पुत्र ननुआ उम्र करीब 41 वर्ष निवासी राजपूत कालोनी निकट नुमाईश ग्राऊड गजरौला रोड कस्बा व थाना हसनपुर अमरोहा 2-शमसुल कमर उर्फ अनस उर्फ मुन्ना पुत्र मौ0 फारूख उम्र करीब 19 वर्ष नि0 मौ0 रेतिया लालबाग याकूब मैम्बर वाली गली कस्बा व थाना हसनपुर अमरोहा को 480 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हसनपुर पर मु0अ0सं0-293/25 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# प्रजापति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद कंवर सिंह तंवर को दिया श्री दक्ष जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण ल

**अमरोहा (सब का सपना):-** प्रजापति समाज के प्रतिनिधिमंडल ने अमरोहा लोकसभा के सांसद कंवर सिंह तंवर से उनके आवास स्थान – 1, बलवंत राय मेहता लेन, नई दिल्ली – पर भेंट की। भेंट वार्ता के उपरांत प्रतिनिधिमंडल द्वारा आगामी 29 जुलाई 2025 कोआयोजित होने वाले ब्रह्मा जी के मानस पुत्र भगवान श्री दक्ष जयंती महोत्सव का निमंत्रण पत्र सौंपा। सांसद ने निमंत्रण पत्र को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में पूर्ण उपस्थिति का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार को पत्र लिखकर भगवान श्री दक्ष जी की जयंती को सरकार द्वारा मान्यता दिलाने हेतु भरसक प्रयासरत हैं।उन्होंने समाज को आश्वस्त करते हुए कहा कि भगवान श्री दक्ष सृष्टि के प्रथम गुरु, व्यवस्थापक, आराध्य देव तथा प्रथम वैज्ञानिक हैं, ऐसे में उनकी जयंती को राष्ट्रीय मान्यता



मिलनी ही चाहिए। भगवान श्री दक्ष प्रजापति ही नहीं,संपूर्ण समाज के आराध्य हैं। प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि समाज के इस प्रयास को सांसद जी का समर्थन एक सकारात्मक संकेत है और इससे भगवान श्री दक्ष जी की माहनता और संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया,राज्य विधि अधिकारी अजय कुमार प्रजापति,योगेश पतराम सिंह प्रजापति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ उत्तम सिंह प्रजापति,रजनीश कुमार प्रजापति, हलवाई विजयपाल सिंह प्रजापति, अमित कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान आरोग्य केंद्र पिछले चार दिनों से बंद शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही






**अमरोहा (सब का सपना):-** सरकार के द्वारा ग्रामीण स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से मिनी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छोटी-मोटी बीमारी होने पर ग्रामीणों को दूर सीएचसी पीएचसी ना जाना पड़े। उन्हें पास के ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दवाई मिल सके लेकिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बंद होने के चलते मरीज दर-दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद के गांव अल्हेदादपुर कला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरकारी अस्पताल को सरकार के द्वारा संचालित किया जा रहा है सरकार का मकसद है कि छोटी-मोटी बीमारी होने पर ग्रामीणों को गांव से कहीं दूसरी जगह दूर न जाना पड़े और उनका इलाज गांव में ही हो जाए लेकिन यहां तो सब कुछ उल्टा ही नजर आ रहा है। आयुष्मान आरोग्य केंद्र पर दवाई लेने के लिए पिछले कई दिनों से मरीज लगातार आ रहे हैं। अस्पताल में स्टाफ के न मिलने की वजह से मरीज यूं ही निराश होकर वापस लौट रहे हैं। जिसकी शिकायत काफी बार उच्चाधिकारीयो से व 1076 पर भी की जा चुकी है लेकिन कहीं पर भी कोई सुनवाई न होने के कारण ग्रामीण अब मजबूर है। आयुष्मान आरोग्य केंद्र के डॉक्टर के द्वारा सुनवाई न होने पर आज ग्रामीणों ने केंद्र के गेट पर खड़े होकर प्रदर्शन किया और आरोग्य केंद्र को समय से खोलने की मांग की है।

# फिटनेस की 12 स्कूली वाहनों का बबीता वर्मा ने किया निरीक्षण




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की उप संभागीय परिवहन कार्यालय में फिटनेस हेतु आये 12 स्कूली वाहनों का बबीता वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुधीर सिंह, यात्री / मालकर अधिकारी, अमरोहा व श्री हरिओम, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), द्वारा संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया गया। जिसमें 04 वाहन अनफिट पाये गये। अनफिट वाहनों के एक वाहन में आपातकालीन द्वार खुल नहीं पाया एवं एक वाहन में फायर सलैण्डर एवं फस्टऐड किट मौके पर उपलब्ध नहीं पायी गयी तथा अन्य वाहनों में इंडिकेटर एवं बैक लाईट पायी गयी। इसके लिये वाहन स्वामियों से इन कमियों को तत्काल दूर कराकर पुनः कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। बबिता वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अमरोहा द्वारा सभी प्रवन्धक / स्कूल स्वामियों को निर्देशित किया गया कि यह अपने विद्यालय में चलने वाले स्कूली वाहनों की फिटनेरा मानक के अनुरूप तत्काल कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में स्कूल वाहनों के स्वामियों/प्रबन्धक के विरुद्ध आवश्यक एवं कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत दादी पोती संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में तथा मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, राकेश सिंह के दिशा निर्देश पर ब्लॉक-जोया के ग्राम-जलालपुर उमर, में अलका चौधरी, जिला पिछडा. वर्ग कल्याण अधिकारी अध्यक्षता में दादी पोती संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान दादी और पोती के बीच संवाद भी कराया गया जिसमें दादी विकासवती द्वारा कहा गया कि मेरी पॉच पोती और एक पोता है। मैं पॉचो पोतियों को पोते से ज्यादा प्यार करती हूॅ। मैनें उनके पैदा होने पर उतनी ही खुशी और उत्सव मनाया जितना लोग पोता होने पर मनाते है जिसमें मेरी दो पोतियॉ महिला पुलिस कर्मी और दो पोतियॉ दिल्ली की कम्पनी में जॉब कर रही है। दादी विकासवती की एक पोती द्वारा कहा गया कि मेरी दादी मुझसें बहुत प्यार करती और मेरी दादी ने कभी भी पोती और पोते में भेदभाव




नही किया। दादी अनीता द्वारा बताया गया कि मेरी केवल दो पोतियॉ है और पोता नही है। मै अपनी दोनो पोतियों को पोते से बढकर मानती हूॅ। मेरे लिए पोता-पोती दोनो बराबर है। दादी अनीता की पोतियों द्वारा बताया गया कि हमारी दादी हम दोनो बहनों का ख्याल हमारी मम्मी से भी ज्यादा रखती है। अन्य दादीयों द्वारा भी कहा गया कि मेरे लिए पोता और पोती दोनो एक समान है। हमने पोती होने पर उतनी ही खुशी और उत्सव मनाया जितना लोग पोता होने पर मनाते है। सुश्री अलका चैधरी, जिला पिछडा.वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा कहा गया कि बेटियां बेटो की अपेक्षा ज्यादा भावात्मक होती है। परिवार को चलाने के साथ साथ वंश को भी आगे बढाती है। इसलिए बेटियों को भी परिवार की खुशियों का हिस्सा मानना चाहिए। महिलाओं के बिना हमारे देश की उन्नति नही हो सकती हमारी सरकार महिलाओ को लेकर बहुत गम्भीर है। 1994 भ्रूण हत्या और भारत में गिरते लिंग अनुपात को खत्म करने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित अधिनियम है, अधिनियम में पूर्व लिंग निर्धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य गभार्धान



के पहले या बाद लिंग चयन तकनीक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और सेक्स चयनात्मक गर्भपात के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए है। जिला प्राबेशन अधिकारी राकेश सिंह द्वारा कहा गया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। हर जगह बेटियां बेटों के बराबर या उनसे भी आगे बढ़ रही हैं। आजकल, बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो या राजनीति का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हों वह हर जगह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं। समाज में महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव आ रहा है। यह जरूरी है कि हम बेटियों को प्रोत्साहित करते रहें और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहें। महिलाओं एव बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज में महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच में बदलाव आए। हमें यह याद रखना चाहिए कि बेटियां भी बेटों के समान हैं और उन्हें भी समान अवसर मिलने चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। वह सुविधा दे। इस अवसर पर, गजेन्द्र चैहान, कनिष्क सहायक, ममता दुबे, सेन्टर मैनेजर, ओ0एस0सी0, आदिल, परामर्शदाता, सी0एच0एल, करूणा निधि, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, ओ0 एस 0सी0, अनुराधा भारती, पैरामेडिकल स्वाति सिंह, केस वर्कर नरेन्द्र पाल दीपा सुरक्षा गार्ड एवं ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहें।

# आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने किया महादेव का रुद्राभिषेक

**चंदौसी/सम्भल। (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** खतियान मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सावन के पवित्र माह की शिवरात्रि के अवसर पर आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में भगवान शिव का भव्य रुद्राभिषेक किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समिति के सदस्य एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच पूरा वातावरण भक्तिभाव से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक ब्राह्मण द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हुई। भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल सम्मिलित था। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, आक, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का पूजन किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोरा ने कहा की अपनी संस्था द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम कर हम समाज में अपनी संस्कृति को सहेजना चाहते है। सावन की शिवरात्रि का धार्मिक महत्व बहुत है अतः कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह सभी



प्रकार के मंगल प्रदान करने वाला है। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि शिवरात्रि आत्मशुद्धि, संयम और श्रद्धा का पर्व है। "शिव ही शक्ति है, शिव ही समाधान" रुद्राभिषेक न केवल आध्यात्मिक शांति देता है बल्कि जीवन के समस्त कष्टों का निवारण भी करता है। रुद्राभिषेक आत्मिक और सामाजिक संतुलन का आधार है। शिव का रुद्राभिषेक केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सामाजिक संतुलन का विज्ञान है। सावन शिवरात्रि का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था। एक अन्य कथा के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष को भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए अपने कंठ में धारण किया और नीलकंठ कहलाए। भक्त इस दिन शिव को जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर उनका रुद्राभिषेक करते है। जिससे उन्हें विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है। पंडित आचार्य पवन कुमार जी द्वारा विधिवत रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। आचार्य अंकुर वशिष्ठ जी द्वारा मंदिर आयोजन का समस्त कार्य कराया गया। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को अत्यंत प्रेरणादायक और शांति प्रदान करने वाला बताया। महिला श्रद्धालुओं और बच्चों की विशेष सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। संस्था की ओर से बताया गया कि सावन मास के शेष सोमवारों पर भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। जिनमें धार्मिक आस्था के साथ-साथ महिला जागरूकता और बाल संस्कार को भी बढ़ावा दिया जाएगा। अंत में भजन कीर्तन सामूहिक आरती में माहौल को और अधिक भक्तिमय बन दिया। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में पूनम अरोरा, डॉ दुर्गा टंडन, अनु गांधी, रेखा रस्तोगी, मीनू आहूजा, रानी अरोरा, मंजू गुप्ता, उमा टंडन, अभिषेक गुप्ता, अनाया गुप्ता, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की पी0एम0 सूर्य घर योजना की समीक्षा

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पीएम सूर्य घर योजनांतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। योजना के अंतर्गत जनपद को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रेरित करते हुए ऑनलाईन पंजीकरण कराने के उपरान्त उन्हे शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि अवर अभियंता वार मासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और सोलर पैनल



लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। विद्युत अधिकारियों को योजना का लाभ आमजन को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल https://pmsuryaghar. gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना विभिन्न बैंको द्वारा मात्र 07 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर उपलब्ध अधिकृत वेंडर के माध्यम से ही सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पीओ नेडा सीपी वर्मा सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीआईजी मुनिराज व एसपी के के बिश्नोई द्वारा ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट बहजोई का किया गया निरीक्षण

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा गार्ड की सलामी लेकर आरटीसी सेन्टर ईश्वर दास टैक्निकल इन्स्टीट्यूट बहजोई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं जैसे मैस, बैरक, कक्षाओं, स्नानागार, शौचालय आदि का जायजा लिया गया । इसके साथ ही रिक्रुट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया। जिसमे प्रत्येक आरक्षी से उनकी ट्रेनिंग व समस्याओं के बारे में जानकारी ली गयी तथा



रिक्रुट आरक्षियों को ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक लाइन आलोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अशोक कुमार, प्रभारी आरटीसी आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे थे।

# सांसद इकरा हसन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से सपाइयों में आक्रोश

**संभल।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने कैराना की सांसद इकरा हसन के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी मामले में एएसपी उत्तरी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। कहा कि आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए सोशल मीडिया एकाउंट को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू कराई जाए।सपा के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी की अगुवाई में मंगलवार को सपाइयों ने एएसपी उत्तरी राजेश कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। कहा कि सोशल मीडिया एकाउंट ठाकुर योगेंद्र सिंह



राणा का है, जिसके द्वारा एक पोस्ट की गई। इसमें कैराना सांसद इकरा हसन के प्रति अत्यंत अभद्र, अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। पोस्ट से न केवल एक सार्वजनिक रूप से महिला जनप्रतिनिधि की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई बल्कि सामाजिक सौहार्द महिला सम्मान और मयार्दा के विरुद्ध बयानबाजी की गई। कहा कि इकरा हसन जनता द्वारा चुनी हुई जनप्रतिनिधि हैं और जनता की आवाज हैं। उनके सम्मान की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कहा कि व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। सोशल मीडिया एकाउंट को निष्क्रिय करने के लिए संबंधित प्लेटफार्म को सूचना भेजी जाए। इस दौरान सुहेल इकबाल, फय्याज, सईद अख्तर इसराईली, रियासत हुसैन, शाहनवाज, मोहम्मद नदीम, राजा आदि रहे।

# महाशिवरात्रि की रौनक मंदिरों में दिखी



**चंदौसी/सम्भल। (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** चंदौसी के सभी मंदिरों में जमकर भीड़ दिखाई दी। महाशिवरात्रि के पर्व पर सीता आश्रम पर स्थित मूंछों वाले शंकर जी के मंदिर में अच्छी खासे भक्त देखने को मिले। यहां प्रातः 4 बजे से मंदिर पर कावड़ियों द्वारा जल चढ़ाना शुरू कर दिया वहीं दूसरी ओर महिला भक्त भी जल चढ़ाने में पीछे नहीं रही। वहीं कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में भी काफी सेवकों और भक्तों ने जमकर पूजा की। वहीं मंदिरों पर पुलिस का अच्छा पहरा दिखाई दिया। क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी अपनी टीम के साथ मुस्तैद दिखें।

# आज चंदौसी आयेंगे औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी



**चंदौसी/सम्भल। (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** आज चंदौसी में चंदौसी रामबाग रोड स्थित रामबाग धाम पर बारहसैनी सेवा सदन धर्मशाला में जिला व्यापारी सम्मेलन का होगा। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन आर आई, निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंदगोपाल नंदी शिरकत करने आ रहे है। कार्यक्रम 4 बजे शुरू होगा।

# थोक विक्रेताओं के साथ विनिमार्ताओं कंपनी का किया गया निरीक्षण





**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद जीवन प्रकाश , जिला कृषि अधिकारी संभल प्रबोध मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी विजय कुमार, एरिया सेल्स मैनेजर गौरव , यारा के अन्य अधिकारी की उपस्थिति में यारा फर्टिलाइजर विनिमार्ता कम्पनी का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें यह पाया गया कि 1अप्रैल 2024 से लेकर 31मार्च 2025 तक 1322984 मैट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया जिसके सापेक्ष 1327382 मैट्रिक टन विक्रय हेतु डिस्पैच किया गया 1अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 333361 मैट्रिक टन यूरिया उत्पादित हुआ जिसके सापेक्ष 331188लाख मैट्रिक टन डिस्पैच किया गया। इसके अतिरिक्त यारा विनिमार्ता कम्पनी के द्वारा 772531मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया भी उत्पादित किया गया है जिसमें से 17985 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया यारा विनिमार्ता कम्पनी के द्वारा विक्रय किया गया इस वर्ष भी 4749 मैट्रिक टन लिक्विड अमोनिया विक्रय किया गया । जिला कृषि अधिकारी के द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत पैकेजिंग का हवाला दिया गया प्लांट के उत्पादन प्रमुख से fco को पालन करने के लिए भी कहा गया ।

# सिमनानी रहमतुल्ला आले का 639 वा कुल शरीफ की फातिहा का आयोजन किया गया

**चंदौसी/सम्भल (हनी चन्द्रा) सब का सपना :-** सिमनानी रहमतुल्ला आले का 639 वा कुल शरीफ की फातिहा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व आसपास के काफी लोगों ने शिरकत की। इस दौरान ऑल इंडिया उलेमा व मशएख बोर्ड के सदर हाफिज मतीन अशरफी ने कहा की हजरत ने अपनी पूरी जिंदगी दीनी कामों में खर्च की और नबी की बताई हुई सुन्नतों पर अमल किया। जिससे अपने मुल्क ही नहीं विदेशों में भी हजरत के मानने वाले शागिर्द है अपने बच्चों को दुनियावि तालीम के अलावा दीनी तालीम भी देना बहुत जरूरी है जिससे बच्चा अपने मां बाप अपने रिश्तेदारों अपने भाई-बहन के और अपने पड़ोसियों के हुकूक को पहचानेगा कुल शरीफ में फतिया का आयोजन किया गया



उसके बाद तबर्रुक बांटा गया कुल शरीफ के आखिर में कोम मुल्क में अमन आमान कायम रहे और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर हाजी शाह आलम मंसूरी, सूफी अबरार हुसैन, नायब शहर इमाम काजी, मरगूब हाफिज, मोहम्मद कैफ, अशरफी मोहम्मद, कैफ नौशाही, हाफिज फहीम, अजमत राजा, हाफिज मोहम्मद, अहमद हाफिज, उमर मोहम्मद, अशरफ मोहम्मद, तुफैल अशरफ, मोहम्मद काले आदि लोग शामिल थे।

# भा.कि.यू. बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ बबलू भैय्या ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़ (सब का सपना):-** भारतीय किसान यूनियन बाबा के यूथ विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान वाहिद के निर्देश अनुसार व मजदूर मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश त्यागी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यालय पर कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। कावड़ियों के चिकित्सा



संबंधित बातों का ख्याल रखा गया। इस शुभ अवसर पर भारतीय किसान यूनियन बाबा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ बबलू भैय्या ने समस्त प्रदेश के जिला अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिला कार्यालय पर शिविर का आयोजन कराए कावड़ियों की जितनी हो सके सेवा करें और पुष्प वर्षा का आयोजन करें। इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष हापुड उमेश गौतम मुनेश त्यागी जी मजदूर मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनीश त्यागी राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहरुख चौधरी शौकीन शकीर नवाब खालिद अरुण नदीम सद्दाम धर्मेंद्र दीपांशु खालिद नदीम बाबा अमी चन्द आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पवन सिंह राजपूत ने साइकिल से की 16000 किलोमीटर चारधाम यात्रा , किया गया स्वागत

**हापुड़ (सब का सपना):-** आर डी एच फाउंडेशन (एनजीओ) की टीम ने ब्रजघाट में पवन सिंह राजपूत का स्वागत किया। ज्ञात रहे कि पवन सिंह राजपूत ने 16000 किलोमीटर की चारधाम की यात्रा साइकिल से की हैं। वहीं इस दौरान आर डी एच फाउंडेशन (एनजीओ) की टीम मैंबर हरिप्रकाश गुप्ता, मोनिका ठाकुर, सोनिका ठाकुर, सरिता, अनीता वरन सिंह आदि के द्वारा





कावड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित राजपूत, अमित सिंह राजपूत, बरन सिंह चौहान मांगे, कैलाश सिंह अशोक मोहित सिंह राजपूत, सोनू राजपूत मनीष सिंह राजपूत,राजू राजपूत खुशबू सिंह राजपूत भानु राजपूत चंदन राजपूत प्रियांशु राजपूत, मयंक राजपूत, रवि राजपूत, सोनू राजपूत, रिंकू राजपूत, रीना राजपूत, संजय सिंह आदि सदस्य मौजूद रहे।

# गजरौला क्षेत्र में जल लेकर लौट रहे कांवड़िए की हादसे में मौत





**डीसीएम में लगे डीजे के ऊपर बैठा था कांवड़िया,रेलवे फाटक के पास लगे पोल से टकराने पर हुआ हादसा**

**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना) कविन्द्र सिंहः-** कोतवाली क्षेत्र में जल लेकर लौट रहे कांवरिया की एक हादसे में मौत हो गई। कावड़िए की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुड़ गई।

बता दें कि पूरा मामला नगर कोतवाली के ब्रजघाट चौकी क्षेत्र के गांव ओसीता जगदेपुर रेलवे फाटक के निकट का है जहां पर फाटक के पास लगे पोल में डीजे से भारी डीसीएम अचानक टकरा गई जिससे डीजे के ऊपर बैठा कावड़िया नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कांवरिए की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हादसा होते ही स्थानीय लोग घटना स्थल की तरफ दौड़ने लगे देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, उधर सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिसने कांवड़िए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि मृतक कावड़िया हरिओम नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव लाठीरा का रहने वाला था। जो कि हरिद्वार से अपने संगड़ के साथ डीसीएम द्वारा जल लेकर वापस लौट रहा था, डीसीएम में डीजे लगा हुआ था और मृतक कांवड़िया डीजे के ऊपर बैठा हुआ था जैसे ही डीजे से भरी डीसीएम गांव ओसिता जगदेपुर के फाटक के निकट पहुंची तो वह फाटक के पास लगे पोल से अढ़ गई, जिससे डीजे पर बैठा कावड़िया हरिओम नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है

# लूट के आरोपी को थाना कैलादेवी पुलिस ने पचपन सौ रुपए के साथ किया गिरफ्तार

**सौंधन/सम्भल(सब का सपना):-** लूट का एक आरोपी पचपन सौ रुपए के साथ स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त पर पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि 15 जुलाई को ग्राम करनपुर कायस्त रोड पर 3 अभियुक्तों द्वारा एक मोटरसाइकिल हीरो स्पलैंडर प्लस से विनोद पुत्र मुकुट सिंह नि० ग्राम करनपुर कायस्त थाना कैलादेवी जनपद सम्भल से बैग में रखे 2 लाख 40 हजार व 2 लेपटॉप छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना कैलादेवी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 23 जुलाई को थाना कैलादेवी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा में प्रकाश में आये अभियुक्त मकुट



पुत्र रामपाल निवासी ग्राम सौंधन की मिलक थाना कैलादेवी जनपद सम्भल को मुकदमें से सम्बन्धित 5,500 रुपयों के साथ सम्भल आदमपुर रोड पर ग्राम सौंधन की मिलक को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी में ये भी बताया गया कि 18 जुलाई को थाना कैलादेवी पुलिस टीम द्वारा मुकदमें में 3 अभियुक्तों को पूर्व में ही 98,600 रू नगद, एक मोटरसाईकिल हीरो स्पलैंडर प्लस, 2 लैपटाप व 3 मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।

# उप कृषि निदेशक द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** जनपद में खरीफ फसलों की बुवाई तथा धान की रोपाई तेजी से होने के दृष्टिगत कृषकों को सभी प्रकार के गुणवत्ता युक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने हेतु आज उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र एवं अमन प्रखर खाद भंडार मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कृषक सेवा केंद्र प्रभारी सुनील उपाध्याय केंद्र पर लगभग 15 कृषक प्रदीप कुमार पलिया चंदापुर, राम लोटन टिकरा, दिलीप कुमार जमुवारी आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्र




प्रभारी द्वारा बताया गया कि केंद्र पर यूरिया 1422 बोरी, डीएपी 482 बोरी स्टाफ में उपलब्ध है जिसे अभिलेख/पीओएस मशीन से मिलान करने पर सही पाया गया, केंद्र पर वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी को नियमानुसार उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिए गए।

# रूचि पांडे बनीं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला प्रकोष्ठ अमेठी की जिलाध्यक्ष-

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद के जिला कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठनात्मक विस्तार और महिला प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गईं। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के निर्देश पर तथा जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की संरक्षक एवं पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी लक्ष्मी सोनी ने की। बैठक में रूचि पांडे को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। साथ ही, दीपिका साहू को जिला महामंत्री और उर्मिला गुप्ता को जिला संरक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त नगर अमेठी से हिमांशु मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत करते हुए




उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और व्यापारियों को संबोधित करते हुए नव नियुक्त महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रूचि पांडे ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा कि "मैं संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगी। अमेठी जनपद की महिला व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना ही मेरा पहला लक्ष्य होगा। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। संगठन ने आशा जताई कि नए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा जनपद में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील जायसवाल, टीकरमाफी बाजार अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव, महामंत्री अभयराज मौर्या, युवा जिला महामंत्री पवन वैश्य, कमल अग्रहरि, विकास पासवान, प्रद्युम्न मोदनवाल, हिमांशु कसौधन, विष्णु सोनी, दुर्गेश कुमार, गीता सोनी, रीता सोनी समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और संगठन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत संबंधित संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण प्रक्रियात्मक कार्रवाई हेतु जारी की गई समय सारणी

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्वदशम स्कॉलरशिप (9-10) एवं दशमोत्तर स्कॉलरशिप (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समय सारणी जारी की गई है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि प्रक्रियात्मक कार्यवाही के तहत 01 जुलाई 2025 से 05 अक्टूबर 2025 तक शैक्षिणिक संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण करना, 02 जुलाई 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा संस्थान की मान्यता, पाठ्यकम- पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि का ऑनलाइन डिजिटली सत्यापन/लॉक किया जाना (शैक्षणिक संस्थान/जिला विद्यालय निरीक्षक/एफिलिएटिंग एजेन्सी/विश्वविद्यालय स्तर पर एवं 02 जुलाई 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जाएगा व आवेदन का फाइनल प्रिन्ट आउट प्राप्त कर वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा किया जाएगा तथा 06 नवम्बर 2025 तक विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने समस्त सम्बन्धित संस्थाओं को सूचित किया कि शासन के मंशानुरूप उपरोक्त निर्गत समय सारिणी का प्रचार-प्रसार कराते हुए नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

# टूटी सड़को को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन किया

**पूर्व सांसद के निर्देश के बावजूद नहीं बना संड़िला संपर्क मार्ग, लोनिवि पर लापरवाही का आरोप**

**भेटुआ/अमेठी ( सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** जनपद में शासन-प्रशासन की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। भेटुआ क्षेत्र का संड़िला संपर्क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, लेकिन पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अब तक इसका मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है। गंभीर स्थिति यह है कि सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं कि स्कूली बच्चों, राहगीरों और दोपहिया चालकों के लिए यह जानलेवा साबित हो रहा है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर बीते वर्षों में कई गंभीर हादसे भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क की स्थिति बीते छह वर्षों से बदतर बनी हुई है।



लोक निर्माण विभाग को कई बार ज्ञापन और शिकायती पत्र दिए गए, लेकिन अब तक न कोई निरीक्षण हुआ और न ही मरम्मत शुरू की गई। आज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विभाग की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि बरसात हो या धूप, गड्ढों से भरी यह सड़क जान जोखिम में डालकर पार करनी पड़ती है। मजबूर होकर राहगीरों को चार किलोमीटर लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की भारी बबार्दी होती है। ग्रामीण विशाल, मुकेश, अनंत, वंशराज, रवि, कल्लूराम सहित श्री का पुरवा के दर्जनों लोगों ने कहा कि यह जनहित से जुड़ा मुद्दा है और सांसद को खुद संज्ञान लेकर लोनिवि के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई करनी चाहिए। क्षेत्रीय जनता में भारी नाराजगी है और सभी ने एक स्वर में मांग की है कि इस सड़क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए।

# नगर पंचायत की लापरवाही से बदहाल हुआ अमेठी का प्रमुख पार्क

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** नगर पंचायत की उदासीनता के चलते शहर के बीचों-बीच स्थित दशकों पुराना पार्क अब बदहाली का शिकार हो गया है। अमेठी कोतवाली के पास स्थित यह पार्क कभी बच्चों की किलकारियों और सुबह-शाम टहलने वालों की चहलकदमी से गुलजार रहता था, लेकिन अब इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग पास से गुजरना भी नहीं चाहते। पार्क के अंदर कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है और साफ-सफाई का कोई नामोनिशान नहीं है। पहले यहां झूले, फिसलपट्टी और अन्य खेल उपकरण लगे थे, लेकिन अब वह सब टूट-फूट कर कब का गायब हो चुका है। देखरेख के अभाव में पार्क पूरी तरह



वीरान हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सुबह-शाम लोग यहां टहलने आते थे, बच्चे खेलते थे, लेकिन अब यह सिर्फ गंदगी और मच्छरों का अड्डा बनकर रह गया है। लोग इसमें कूड़ा फेंकते हैं जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। नगरवासियों ने नगर पंचायत से जल्द से जल्द पार्क की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की है ताकि एक बार फिर यह स्थल शहरवासियों के लिए उपयोगी बन सके। वहीं स्वच्छ भारत मिशन की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# 20 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 01 नफर अभियुक्त महेश प्रताप सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी वार्ड नं0 14 नेमुआ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

# तीन दशक की न्यायिक सेवा के बाद न्यायाधीश मधु जैन दिल्ली हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली न्यायिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी और तीस हजारी कोर्ट की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधु जैन को दिल्ली हाई कोर्ट का न्यायमूर्ति नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने सोमवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी। मधु जैन वर्ष 1992 से न्यायिक सेवा में कार्यरत हैं और अब तक राजधानी की सभी प्रमुख अदालतों में विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जुलाई 2025 में मधु जैन सहित तीन न्यायिक अधिकारियों के नाम दिल्ली हाई कोर्ट में नियुक्ति के लिए केंद्र को भेजे थे। अब केंद्र सरकार ने इसे स्वीकृति दे दी है। दौलत राम कॉलेज से किया बीएससी ऑनर्स नियुक्ति के बाद




दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 46 हो गई है, जबकि कुल स्वीकृत पद 60 हैं। शैक्षिक पृष्ठभूमि- 18 नवंबर 1966 को जन्मी मधु जैन ने दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से बीएससी (जूलाजी ऑनर्स) करने के बाद कैंपस लॉ सेंटर से 1991 में एलएलबी और बाद में वर्ष 2000 में एलएलएम की उपाधि प्राप्त की। कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1992 में दिल्ली न्यायिक सेवा में प्रवेश किया। वर्ष 2003 में उनका दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नत हुई। न्यायिक अनुभव- तीन दशकों के लंबे कार्यकाल में उन्होंने कई संवेदनशील, विवादास्पद और प्रशासनिक दृष्टि से जटिल मामलों की सुनवाई की। वर्तमान में वे तीस हजारी कोर्ट के पश्चिमी जिला की प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थीं। उनके पास अदालत संचालन, जमानत मामलों, आपराधिक मुकदमों और विशेष अधिनियमों से जुड़े मामलों का गहरा अनुभव है। हत्या मामले में ट्रायल ट्रांसफर याचिका खारिज (2025): प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधु जैन ने एक चर्चित हत्या मामले में आरोपित की ट्रायल किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की याचिका साक्ष्य के अभाव में खारिज कर दी। उन्होंने अपने आदेश में लिखा कि यह याचिका सुनवाई में देरी का मात्र प्रयास है। पुलिस अधिकारियों को बार-बार तलब करने पर आपत्ति (2023): एक मामले में सुनवाई करते हुए उन्होंने पाया कि एक एसएचओ को 300 से अधिक बार अदालत में बुलाया गया।

## बारिश में जलभराव से जिस अंडरपास में बसें तक डूब जाती थी, आज वहां दौड़ रहे वाहन




**नई दिल्ली।** दिल्ली में जमकर बारिश हो रही है और लेकिन मिंटो ब्रिज के नीचे इस बार जलभराव नहीं हुआ। इस बार की तस्वीर बदल गई है। जो मिंटो ब्रिज अंडरपास दिल्ली में जलभराव की समस्या का प्रतीक रहा है, जहां बारिश के दिनों में बसें तक डूब जाया करती थी। वहां आज बारिश के बीच वाहन दौड़ रहे हैं। मिंटो ब्रिज अंडरपास की तो ताजा तस्वीरें सामने आई हैं उसमें ये सब दिख रहा है। बीते दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने मिंटो ब्रिज अंडरपास का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसमें बारिश के बाद अंडरपास से गुजरते यातायात को दिखा गया था। सीएम ने तब सोशल मीडिया पर लिखा था, 'मिंटो ब्रिज में अब जलभराव नहीं हो रहा है। सरकार ने लगातार छोटी-छोटी कड़ियों को जोड़ा, व्यवस्थाओं को सुधारा और आज परिणाम सबके सामने है। जब नीयत साफ हो और प्रयास निरंतर हों, तो वर्षों पुरानी समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। अब दिल्ली के अन्य स्थलों को भी चिन्हित कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।' बता दें कि आज दिल्ली के कई इलाकों में बारिश देखने को मिली। सुबह से हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बारिश के कारण दिल्ली की कई सड़कें जलमग्न हो गईं। जिससे यातायात प्रभावित हुआ है, सड़कों पर वाहन रेंगते दिखे। लेकिन मिंटो ब्रिज अंडरपास में इस बार जलभराव नहीं हुआ। दिल्ली में मंगलवार को भी जमकर बारिश हुई थी।

# मुखबिर की सूचना पर एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व



में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 227/25 धारा 85, 108 बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र कृष्णदत्त तिवारी उर्फ लल्लन तिवारी निवासी ग्राम पूरे सुविधान मजरे बस्तीदेई थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# दिल्ली हाई कोर्ट से न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने न्यूजक्लिक पोर्टल के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और निदेशक प्रांजल पांडे को मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी धन के आरोपों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। एडह की जांच के दौरान इन पर विदेशी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिग के आरोप लगे थे, जिससे पहले इनकी गिरफ्तारी की आशंका बनी हुई थी। न्यायालय ने 2021 में दाखिल याचिकाओं का निपटारा करते हुए आदेश में कहा कि



अग्रिम जमानत के तहत अब तुरंत गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जिससे दोनों को अंतरिम राहत मिल गई। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के तहत प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और रिमांड को भी अवैध करार दिया था और उनकी रिहाई का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने उन पर न्यूजक्लिक पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रविरोधी प्रचार और विदेश से आए फंड के उपयोग के आरोप लगाए थे। लेकिन कोर्ट में गिरफ्तारी का आधार स्पष्ट रूप से पेश नहीं किया गया था। हाई कोर्ट के इस फैसले से फिलहाल दोनों आरोपितों को राहत मिली है, हालांकि मामले की सुनवाई आगे जारी रहेगी।

# एफएमडीसीपी टीकाकरण अभियान के छठे चरण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवालः-** पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एफ.एम.डी.सी.पी. (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के छठे चरण का शुभारंभ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण हेतु गठित टीमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 23 जुलाई 2025 से 05 सितम्बर 2025 तक कुल 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जनपद के 13 विकास खंडों में पशुपालन विभाग की 58 टीमें लगभग 4,95,182 पशुओं को निःशुल्क टीका लगाएंगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका




एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जिससे पशुओं की उत्पादकता में भारी गिरावट आती है, हालांकि इसमें मृत्यु दर कम होती है। इस बीमारी की रोकथाम हेतु नियमित टीकाकरण आवश्यक है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाकर उनका टीकाकरण किया जाएगा। सभी पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराकर इस मुहिम को सफल बनाएं। जिले में संचालित समस्त गो-आश्रय स्थलों में रखे गए गोवंशों को भी 100 प्रतिशत टीकाकरण करते हुए गो-आश्रय पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा। अभियान की वैज्ञानिक पद्धति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चयनित गांवों में टीकाकरण से पूर्व पशुओं के रक्त के नमूने (प्री वैक्सीनेशन ब्लड सैंपल) लिए गए हैं। टीकाकरण के पश्चात उन्हीं पशुओं से दोबारा नमूने एकत्र कर विश्लेषण किया जाएगा, जिससे टीके की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जा सके।

## नव निर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महासचिव को भाजपा जिला अध्यक्ष ने दिया बधाई

**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवालः-** मुसाफिरखाना के नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला एवं महासचिव राजीव कुमार तिवारी को जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत कर बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव राजेश सिंह ने किया। जिला अध्यक्ष के साथ जगदीशपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह,जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र, जिला कार्य समिति सदस्य हरिशंकर दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, अवधेश मिश्र, सूर्या तिवारी



सुमित त्रिपाठी सहित उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों ने मुसाफिरखाना के नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अध्यक्ष और महासचिव को बधाई दी है। इस अवसर पर एडवोकेट सोम प्रकाश मिश्रा, बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा, अवधेश सिंह, शिवकुमार सिंह, अंजनी कुमार मिश्रा, अंबरीश कुमार त्रिपाठी, बद्री विशाल तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, जगतराम पाल, इच्छा तिवारी, रमाकांत तिवारी, प्रभाकर सिंह, कृष्ण प्रताप श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में एडवोकेट गण उपस्थित रहे।

## दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की निशुल्क व्यवस्था

**नारनौल।** प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी-2025) परीक्षा के मध्य नजर जिला प्रशासन की ओर से जिला में दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नारनौल में धर्मशाला, कम्युनिटी सेंटर व रेन बसेरा में लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनका ओवरऑल इंचार्ज नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल होंगे। उन्होंने बताया कि दुलीचंद धर्मशाला पार्क गली, अग्रवाल धर्मशाला नागरिक अस्पताल, सैनी सभा रेवाड़ी रोड नारनौल, यादव धर्मशाला बस स्टैंड के पीछे, नामदेव की धर्मशाला पुल बाजार, हुडडा कम्युनिटी सेंटर हुडडा सेक्टर नियर सीएल पब्लिक स्कूल, रेन बसेरा नजदीक बस स्टैंड व नजदीक सिविल हॉस्पिटल रेन बसेरा में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि दुलीचंद धर्मशाला में ठहरने के लिए धर्मशाला मेंबर सतीश गर्ग के मोबाइल नंबर 9416416725 पर फोन कर सकते हैं। इसी प्रकार अग्रवाल धर्मशाला में ठहरने के लिए तरुण कौशिक के मोबाइल नंबर 7988849861 पर, सैनी सभा में ठहरने के लिए विकास कुमार सैनी के मोबाइल नंबर 9017733463 पर, यादव धर्मशाला में ठहरने के लिए कंवर सिंह के मोबाइल नंबर 9466924414 पर व वह नामदेव की धर्मशाला में ठहरने के लिए प्रदीप के मोबाइल नंबर 6376583760 पर फोन कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी धर्मशाला, हुडडा कम्युनिटी सेंटर व रेन बसेरा में ठहरने के लिए नगर परिषद से नोडल अधिकारी राकेश कुमार के मोबाइल नंबर 946688 3897 पर फोन कर सकते हैं।

## जिला में बिना मान्यता के चल रहे सभी प्ले स्कूल 31 तक करें आनलाइन आवेदन

### नियमों का उल्लघंन करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

**नारनौल।** महिला एंव बाल विकास विभाग की ओर से जिले में बिना मान्यता के चल रहे सभी प्ले स्कूलों को 31 जुलाई तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। प्ले स्कूल के साथ-साथ इसमें वह स्कूल भी शामिल हैं जो कक्षा 1 से 12 वीं तक संचालित हैं जिनके प्ले स्कूल किसी अन्य जगह पर चल रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिला में कुल 270 प्राईवेट स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों में से ऐसे स्कूलों को भी आवेदन करना अनिवार्य है जिनके प्ले स्कूल किसी अन्य जगह पर चल रहे हैं। तय समय में आवेदन नहीं करने पर विभाग की ओर से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शों के अनुसार कोई भी प्ले स्कूल बिना मान्यता के नहीं चल सकता है। यदि कोई स्कूल नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। प्ले स्कूल भवन स्वच्छ, सुरक्षित व तय मानकों के अनुरूप होना चाहिए। स्वच्छ पेयजल शौचालय इत्यादि की व्यवस्था होनी चाहिए। जो भी वाहन स्कूल द्वारा बच्चों को लाने ले जाने के लिए प्रयोग में लाए जा रहे हैं वह भी मानकों पर सही हो, साथ-साथ स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे व अग्निशमन यन्त्र भी लगे होने अनिवार्य है। प्ले स्कूल में कार्यरत शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का पूर्ण ब्यौरा पुलिस सत्यापन सहित होना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण के कोई भी प्ले स्कूल नहीं चलेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें।

## रविन्द्र भाकली बने लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान



हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान रविन्द्र भाकली को हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इस आशय में जानकारी देते हुए हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य संरक्षक डॉ कप्तान एवं राज्य प्रधान सतपाल सिंह संधु ने सूची जारी करते हुए बताया कि रविन्द्र भाकली के एसोसिएशन, शिक्षक साथियों एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रति लगाव एवं समर्पण चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि रविन्द्र भाकली के हसला प्रधान कार्यकाल दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षक साथियों के बातों को मुखर आवाज देने के साथ अपने निजी कोश से बहुत से अभियान चलाकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने जिला रेवाड़ी में नकल उन्मूलन अभियान, नामांकन अभियान एवं पौधारोपण अभियान आदि अभियान चलाकर बताया कि एसोशिएसन का अर्थ महज सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करना ही नहीं है। उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देने के लिए अपने शिक्षक साथियों को प्रेरित किया। खंड नाहड़, हसला प्रधान के रूप में अपने कार्यों के लिए जिलेभर के साथियों के बीच चर्चा में आये रविन्द्र भाकली को जिला रेवाड़ी के प्राध्यापकों ने उनकी कार्यशैली को सराहा और उन्हें जिला प्रधान बनाया गया। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों से बेहतर तालमेल के कारण वे सभी शिक्षक साथियों के लम्बित कार्यों को समय से पूरा करवाने में सफल रहे। अब उनकी राज्य उप प्रधान की नियुक्ति से जिला रेवाड़ी के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के पूर्व राज्य प्रधान अनिल यादव, जिला प्रधान मनोज मसानी, खंड प्रधान , प्रमोद यादव, टेकचंद, पतराम, कृष्ण कुमार, करमचंद आदि ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक बोल बम, बम - बम के जयघोषों से गूंजा आसमान



**हथीन / :** श्रावण मास की शिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार की सुबह से हथीन के सभी मंदिरों में भक्तजनों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। बुधवार की अलसुबह से ही हो रही रिमझिम व रूक रूक कर हो रही तेज बारिश से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि स्वयं इंद्र देवता देवों के देव महादेव भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक कर रहे हों। शिव भक्त (कांवड़िए) हरिद्वार से पवित्र जल (कांवड़) लेकर बोल बम , बम - बम के जयघोष करते हुए आए और विभिन्न मंदिरों में विधिविधान अनुसार भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। एक तरफ जहां पूरा शहर शिवमय होता नजर आया, वहीं दूसरी तरफ बोल बम बम - बम के जयघोषों से आकाश गुंजायमान हो गया। इस बार हथीन शहर से सैंकड़ों शिव भक्त हरिद्वार कांवड़ लेने के लिए गए थे। कोई पैदल कांवड़ लेकर आया तो कोई डाक कांवड़ लेकर। शहर के विभिन्न मंदिरों प्राचीन बांकेबिहारी मंदिर , कुंडा मंदिर , सत्यनारायण मंदिर , राम मंदिर , कुटी मंदिर पर शिव भक्तों ने हरिद्वार से पवित्र जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया , और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कांवड़ियों के परिजनों ने हलवा व बूंदी आदि का भी प्रसाद वितरण किया।

# हर वर्ग की भलाई के लिए काम कर रही है मौजूदा सरकार : आरती सिंह राव

### - स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बावल क्षेत्र में किया जनसंपर्क





**रेवाड़ी।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि जनसेवा की भावना अनुरूप हरियाणा सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए काम कर रही है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदत्त करते हुए हरियाणा प्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 के विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में सहभागी रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव शाहपुरा व बावल में आयोजित की गई सभाओं को संबोधित कर रही थी। स्वास्थ्य मंत्री का बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के समान विकास की विचारधारा से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री राव वीरेन्द्र सिंह व पिता राव इन्द्रजीत सिंह ने बावल हल्के के विकास के लिए कार्य किए हैं, उनका अनुसरण करते हुए वह भी बावल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। खास तौर से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं दिलवाने का उनका प्रयास है, जिसके लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी क्षेत्रों में एफआरयू की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि बावल क्षेत्र के विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। विधानसभा चुनाव के दौरान इस क्षेत्र के विकास के लिए जो मुद्दे उठाए गए थे, वे सभी कार्य करवाएं जाएगें। उन्होंने कहा कि आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य मंत्री बनते ही प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में डायलेसिस की सुविधा मुफ्त कर दी है। हरियाणा सहित देश के सभी राज्यों में 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों की चिकित्सा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना लागू की हुई है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, वीरेन्द्र छिल्लर, जगन्नाथ प्रसाद, महामंत्री कुलदीप चौहान, महामंत्री हिमांशु पालीवाल, जीतू यादव, प्रवीन शर्मा, नीरज यादव, वीर सिंह, रमेश, दिनेश, रामपाल, जिला पार्षद नीलम रायपुर ,अनिल रायपुर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अजीत सिंह को सीएससी में अधिकतम सेवाएं देने पर मिला अवार्ड

### -अजीत सिंह ने की हरियाणा में सबसे अधिक ट्रांजेक्शन



**रेवाड़ी।** सीएससी दिवस पर यशोभूमि, द्वारका (नई दिल्ली) में डिजिटल समावेश के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए कार्यक्रम में गांव गुरावड़ा के वीएलई अजीत सिंह को सम्मानित किया गया है। अजीत सिंह ने अपने क्षेत्र में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से जनकल्याणकारी सेवाओं का नागरिकों को लाभ देते हुए यह अवार्ड हासिल किया है। अजीत सिंह ने बताया कि उनकी सीएससी पर मुख्य रूप से बैंकिंग सेवाएं, पेंशन वितरण, फसल बीमा, मैरिज सर्टिफिकेट बनाना तथा अनेक डिजिटल सेवाएं दी जा रही हैं। जिनमें उन्होंने सर्वाधिक कार्य कर यह अवार्ड प्राप्त किया है। डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित सीएससी दिवस कार्यक्रम में आए देश भर के ग्रामस्तरीय सीएससी संचालकों ने डिजिटल इंडिया का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएससी संचालक अजीत सिंह को अपने क्षेत्र में सर्वाधिक डिजिटल सेवाएं देने पर जिला प्रशासन ने बधाई दी। अजीत सिंह की नागरिकों को घर बैठे डिजिटल भारत का लाभ पहुँचाने में उनकी यह भूमिका अत्यंत सराहनीय है। सभी सीएससी संचालक नागरिकों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का डिजिटल माध्यम से बेहतरीन कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिला प्रबंधक सीएससी जगदीप ने जिला के सभी सीएससी संचालकों से अपील की है कि वे केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए निर्धारित शुल्क अनुसार लोगों को लाभ दें। किसी भी नागरिक को परेशानी न हो, इसके लिए अपने क्षेत्र में ही बेहतर सुविधाएं प्रदान करें।

## जेपीएस की पूर्व छात्रा दीक्षा यादव ने पास की नैट परीक्षा अर्थशास्त्र में पाई 96 परसनटाइल



**रेवाड़ी।** जैन पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा दीक्षा यादव ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास करने में सफलता प्राप्त की। उसने अर्थशास्त्र विषय में 96 परसनटाइल प्राप्त करके यह उपलब्धि पाई है। उसकी उपलब्धि पर स्कूल शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति ने शुभकामनाएँ दी हैं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि सेक्टर चार निवासी सत्यनारायण यादव एवं सरिता यादव की पुत्री दीक्षा यादव ने यह उपलब्धि प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है। दीक्षा की स्कूली शिक्षा जैन पब्लिक स्कूल से पूरी हुई। उसकी माता इसी विद्यालय में राजनीति शास्त्र की शिक्षिका हैं। उसने 2019-20 सत्र में बारहवीं परीक्षा पास करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से अर्थशास्त्र (आनर्स) किया तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से ही अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर (एम.ए.) की परीक्षा पास की। उसने गत वर्ष अर्थशास्त्र में ही स्नातक योग्यता परीक्षा (गेट) भी पास किया। इस वर्ष दीक्षा ने 96 परसनटाइल लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की। दीक्षा ने अपनी उपलब्धि की श्रेय माता-पिता के सहयोग, बड़ों के आशीर्वाद एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उसकी उपलब्धि पर प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता एवं शिक्षकों समेत प्रबंधन समिति ने उसे व अभिभावकों को शुभकामनाएँ दीं। सभी ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## बिना नंबर प्लेट के यमदूत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे डंफर ,प्रशासन मूक

### अधिकांश डंफर चालकों ने नंबर प्लेट पर पोती हुई कालिख व ग्रीस




**हथीन :** हथीन क्षेत्र सहित संपूर्ण पलवल जिले में अधिकांश डंफर चालक बिना नंबर प्लेट के डंपरों को बेखौफ सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। और प्रशासन मूकदर्शक बना तमाशा देख रहा है। प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह है कि 90 प्रतिशत डंफर चालकों ने अपने वाहन के पीछे लगी नंबर प्लेट पर काला पैंट किया हुआ है अथवा काली ग्रीस व मिट्टी एवं कपड़ों की झालर लगाकर उसे ढका हुआ है। जिससे कि यदि दुर्भाग्यवश कोई दुर्घटना हो जाए तो पीछे से कोई उसका नंबर नोट नहीं कर सके और वो आसानी से भाग जाएं। इतना ही नहीं बल्कि अधिकांश डंफर चालक सड़कों पर यमदूत बनकर प्रेशर हॉर्न बजाते हुए डंफर को तेज स्पीड से दौडते हुए नजर आते हैं। यमदूत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे इन डंपरों की चपेट में आने से लोगों की जान तक जा चुकीं हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि ऐसे डंफर चालकों को न तो पुलिस का कोई भय है और ना ही प्रशासन का। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण हथीन क्षेत्र उटावड़ थाना व हथीन थाना के सामने देखा जा सकता है। ऐसे डंफर चालक बेखौफ होकर उटावड़ व हथीन थाना के सामने से धड़ल्ले से गुजरने का है। हथीन क्षेत्र से होते हुए ये डंफर जिला मुख्यालय पलवल की सड़कों पर पर भी बेखौफ चलते हुए नजर आ सकते हैं। जबकि जिला मुख्यालय पर तो संबंधित विभाग के अधिकारी से लेकर ज़िला उपायुक्त तक के अधिकारी मौजूद रहते हैं। इससे स्पष्ट आभास होता है कि यमदूत बनकर प्रेशर हॉर्न बजाकर सड़कों बेखौफ होकर दौड़ने वाले इन डंफर चालकों को किसी का कोई भय नहीं है। लोगों की मांग है कि विशेष अभियान चलाकर ऐसे डंफर एवं उनके लापरवाह चालकों के साथ साथ डंफर मालिकों के खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि ये आमजन की जान के साथ खिलवाड़ न कर सकें।

## गंदे पानी में डूबी दुकानें, करोबार तबाह, प्रदर्शन कर जताया रोष

**सोनीपत ।** सोनीपत शहर के सारंग रोड अंडर ब्रिज के नीचे वर्षों से जमा गंदा पानी और बदबू अब नासूर बन गई है। शिवरात्रि जैसे पर्व पर भी दुकानदारों ने प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन कर बुधवार को यह जताया कि उनके सब्र का बांध टूट चुका है। समस्या कोई नई नहीं, बल्कि बीते बीस वर्षों से यह जलभराव स्थानीय व्यापारियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात करता आ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि गंदगी, बदबू और लगातार जलभराव के कारण ग्राहक आना बंद हो गए हैं। कई दुकानदार दुकानें बेचने तक को मजबूर हो गए हैं। उनका आरोप है कि नगर निगम सिर्फ दिखावे की सफाई करता है, जबकि असली समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता। शंभु स्कूल के पास बने पंपिंग स्टेशन की मोटर बार-बार जल जाती है, क्योंकि नालियों के जरिये बहकर आया कूड़ा और प्लास्टिक उसमें फंस जाता है। नतीजा पंपिंग रुक जाती है और गंदा पानी वहीं जमा रह जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडर ब्रिज के आसपास जानबूझकर कूड़ा फेंका जाता है, लेकिन नगर निगम के कर्मचारी सिर्फ साफ-सुथरे इलाकों में ही सफाई करते हैं। व्यापारियों ने बार-बार शिकायतें और प्रदर्शन किए, मगर स्थायी समाधान अब तक नहीं निकाला गया। लोगों का कहना है कि जलभराव ने न केवल उनके व्यापार को चौपट किया, बल्कि आवागमन और स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे बैठा रहता है।

## एनएसएस द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में आईजीयू की दो छात्राओं का चयन



**शशि यादव करेगी ठरर हरियाणा दल की अगुवाई पंचकूला में प्रशिक्षण के बाद हुआ चयन।**

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित इस वर्ष की राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की दो छात्राओं का चयन हरियाणा राज्य की ओर से हुआ है। वाणिज्य विभाग से शशि यादव और प्रबंधन विभाग की अंजलि को इस गौरवशाली यात्रा के लिए चुना गया है, जो 10 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित की जाएगी और इसका समापन लाल चौक, कश्मीर में होगा। विशेष बात यह है कि इस चयन से पहले इन छात्राओं को पंचकूला में विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का अवसर मिला, जहाँ उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन्हें हरियाणा राज्य से प्रतिनिधित्व के लिए चुना गया। शशि यादव को पूरे हरियाणा दल की नेतृत्वकर्ता (लीडर) नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने दोनों छात्राओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल विश्वविद्यालय की ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए सम्मान की बात है कि हमारी छात्राएँ राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण यात्रा में नेतृत्व कर रही हैं। एनएसएस की समन्वयक डॉ. मीरा भांभा ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के लिए गर्व का क्षण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस काउंसलर डॉ. अनीता एवं डॉ. संदीप कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना है। ऐसे आयोजन देश के भविष्य को मजबूती प्रदान करते हैं और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी की भागीदारी इस दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल है।

## 150 बेड का ईएसआई अस्पताल मिला, लाखों श्रमिकों को सौगात

**सोनीपत ।** राई क्षेत्र के लाखों श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। लंबे समय से प्रतीक्षित ईएसआई अस्पताल की मंजूरी से अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। यह सौगात न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर है, बल्कि जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों की मिसाल भी है। राई विधायक कृष्णा गहलावत ने बुधवार को बताया कि हरियाणा सरकार ने राई औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-38 में 150 बिस्तरों वाले आधुनिक ईएसआई अस्पताल के निर्माण हेतु 6.35 एकड़ भूमि आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। यह भूमि हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट निगम (एचएसआईआईडीसी) ने 75 प्रतिशत रियायती दर पर दी है। विधायक गहलावत ने बताया कि इस भूमि की बाजार कीमत 106.78 करोड़ रुपये थी, लेकिन इसे केवल 26.70 करोड़ रुपये में ईएसआई संस्थान को उपलब्ध कराया गया है। इस ऐतिहासिक मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सुविधा राई सहित सोनीपत, कुंडली, मुरथल, बड़ी, समालखा और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों के लाखों श्रमिकों को लाभ पहुंचाएगी। गहलावत ने बताया कि सामान्य दर पर भूमि का मूल्य 41 हजार 550 रुपये प्रति वर्ग गज था, जो अब 10 हजार 387 रुपये प्रति वर्ग मीटर की रियायती दर पर दी गई है। अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं, ऑपरेशन थिएटर, प्रयोगशाला और अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उनका लक्ष्य राई को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। जनता के सहयोग से चुनावी वायदे पूर्ण किए जाएंगे। एचएसआईआईडीसी के संपदा अधिकारी रोहित देशवाल ने भी पुष्टि की कि ईएसआई को 75 प्रतिशत रियायती दर पर भूमि देने की मंजूरी मिल चुकी है,

# डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने किया ढोसी हिल्स रोपवे प्रोजेक्ट साइट का निरीक्षण



- रोपवे से पर्यटक बढ़ेंगे तथा रोजगार के नए द्वार खुलेंगे : डॉ अरविंद कुमार शर्मा
- च्यवन वाटिका हर्बल पार्क कुलताजपुर में 54 तरह की जड़ी बूटियां लगाने के निर्देश

**नारनौल।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने आज ढोसी हिल्स पर बनने वाले रोपवे प्रोजेक्ट की साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह परियोजना हरियाणा सरकार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोपवे के निर्माण से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। रोपवे प्रोजेक्ट साइट के निरीक्षण के बाद डॉ. शर्मा ने च्यवन वाटिका हर्बल पार्क कुलताजपुर का दौरा किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क में 54 प्रकार की जड़ी-बूटियां लगाई जाएं ताकि हमारी प्राचीन औषधीय पद्धति को और अधिक समृद्ध किया जा सके। पार्क में 36 तरह की जड़ी-बूटियां इसी सीजन में लगा दी जाएंगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में इस पार्क को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव भी उपस्थित थे। सहकारिता मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, डीएफओ विजेंद्र सिंह, एसडीएम नारनौल रमित यादव, बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव और नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय में हराकर 2-1 से सीरीज जीती

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। भारतीय महिलाओं ने इससे पहले टी20 सीरीज भी जीती थी। ये पहली बार है जब महिला टीम ने टी20 और एकदिवसीय दोनो ही सीरीज जीती हैं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ भी इसी प्रकार एकदिवसीय और टी20 सीरीज जीतीं थीं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की सहायता से पांच विकेट पर 318 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवरों में 305 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। क्रांति गौड़ ने छह विकेट अपने नाम किए, जबकि श्री चरणी ने दो विकेट लिए। एक विकेट दीप्ति शर्मा को मिला।

भारतीय पारी की शुरुआत अच्छी रही। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 64 रन बनाये। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर आउट हुईं। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन बनाये। देओल ने 65 गेंदों में 45 रन बनाए। हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिगेज के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन बनाकर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जेमिमा ने 50 रन जबकि हरमनप्रीत ने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन बनाये। वहीं मेजबान टीम की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट लिया। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उसने शुरुआत में ही दोनो विकेट खो दिये। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान नतालिया-साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन बनाकर टीम को संभालने का प्रयास किया पर लैंब के 68 रन जबकि ब्रंट के 98 रन पर आउट होने से टीम ढ़ह गयी। एलिस रिचर्ड्स ने 44, जबकि सोफिया डंकले ने 34 रन बनाए पर टीम को जीत नहीं दिला पायीं।




# केएल राहुल के इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे, भारत के दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हुए



**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** केएल राहुल ने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सुनील गावस्कर और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बाद ऐसा करने वाले वे केवल पांचवें भारतीय बन गए हैं।

इस लिस्ट में 1575 रनों के साथ तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं, उनके बाद द्रविड़ (1376), गावस्कर (1152) और कोहली (1096) का स्थान है। अब राहुल इस सूची में शामिल हो गए हैं और अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैचों में उन्होंने चार शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं। इंग्लैंड में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन है। यह सीरीज इंग्लैंड के पक्ष में 2-1 से होने के कारण भारत को चौथे मैच में जीत दर्ज करनी होगी। इसके लिए यह ज़रूरी है कि केएल बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए सारा दबाव झेलें, नई गेंद को पुराना होने दें और अपने बेहतरीन कवर ड्राइव को कुछ सावधानी से लीव शॉट लगाकर संतुलित करें। भारत ने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की है, जहां दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पारी के शुरुआती दौर में अच्छा नियंत्रण और संयम दिखाया।

केएल के पास इस सीरीज को अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट प्रदर्शन में बदलने का पूरा मौका है। उनकी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट सीरीज 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली गई सीरीज रही है जिसमें उन्होंने चार मैचों और सात पारियों में 65.50 की औसत से 393 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 6 अर्धशतक और 90 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है।

अपने फॉर्म में उतार-चढ़ाव के बावजूद वह एशिया के बाहर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं, क्योंकि उनके 10 में से 9 टेस्ट शतक घर से बाहर आए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके 7 टेस्ट शतक दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया (स्श्वह्व) देशों में आए हैं, जिनमें से एक शतक ऑस्ट्रेलिया में और दो दक्षिण अफ्रीका में आए हैं। टीम में एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में केएल ने युवाओं और पुरानी पीढ़ी के बीच एक आदर्श कड़ी के रूप में काम किया है। जबकि आलोचकों ने पहले उन्हें प्रत्येक टेस्ट मैच के साथ गति और रन खोने के लिए सही ढंग से कोसा था, केएल ने इस बार अपने बल्ले से उन्हें चुप करा दिया है।

# अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू, पारी में ले चुका है 10 विकेट



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार 23 जुलाई से खेले जा रहे चौथे टेस्ट के लिए अंशुल कंबोज को टेस्ट में डेब्यू का अवसर मिला। इससे पहले फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया था। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं और उन्हें भी चोट लगी है।

आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया। अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बाएं हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था, 'हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए।' उन्होंने कहा था, 'उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं।'

### कौन हैं अंशुल कंबोज

अंशुल कंबोज का जन्म 6 दिसम्बर 2000 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। अंशुल दाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं जो मध्यम गति की गेंदबाजी भी करते हैं। वह घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए खेलते हैं। वह आईपीएल में भी खेल चुके हैं। वर्तमान में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं जबकि इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए खेलते थे।

कंबोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में 5 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के 10 विकेट चटकाए थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956 . 57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985 . 86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिए थे।

# रसेल ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली, प्रशंसकों का आभार जताया

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली हालांकि इस मैच में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी विदायी फीकी पड़ गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी से आसानी से जीत हासिल कर की। इस मैच में सभी की नजरें रसेल पर लगी रहीं। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में प्रशंसक भी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस विदायी पार्टी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लिस ने 33 गेंदों में ही 78 रन बनाए। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह इस मैच के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वह सबीना पार्क में अपने घरेलू मैदान में विदाई मैच खेलना चाहते थे और उनका ये सपना पूरा हो गया। इस मैच में रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 240 का था। वेस्टइंडीज टीम 20 ओवर में 172 रन बना पाई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 173 रनों के लक्ष्य को 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया।



मैच के बाद रसेल ने कहा, मैं सभी प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, परिणाम भले ही हमारे पक्ष में नहीं गया पर इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी के समर्थन के लिए में आभारी हूं, मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे पर अब अंत में मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे युवा खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं। सबीना पार्क में अपने करियर का समापन करना काफी अच्छा रहा, परिणाम हमारे पक्ष में नहीं गया पर यहीं क्रिकेट का यही खेल है। आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए।

रसेल ने 2011 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही 86 मैचों में 163.80 के स्ट्राइक रेट से कुल 1122 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाये। वहीं गेंदबाजी के दौरान उन्होंने 61 विकेट विकेट लिए। उनका सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन 19 रन देकर 3 विकेट रहा है। उन्होंने 56 एकदिवसीय ओर एक टेस्ट खेला है पर इन दोनो ही प्रारुपों में वह सफल नहीं रहे हैं।

## सुंदर भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर बनाकर उभरेगा : शास्त्री

मैनचेस्टर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने वाशिंगटन सुंदर की जमकर सराहना ही है। शास्त्री के अनुसार सुंदर एक अच्छे गेंदबाज होने के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। ऐसे में वह भविष्य में बेहतर ऑलराउंडर के तौर पर उभरेंगे। इसलिए उन्हें अधिक से अधिक अवसर दिये जाने चाहिये। इस स्पिनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में ब्रिसबेन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ही अब तक केवल 11 टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें उनके नाम 30 विकेट और 545 रन हैं। शास्त्री ने कहा, 'मुझे शुरूआत से ही सुंदर प्रतिभाशाली लगा। मैंने उसे पहली बार देखते ही जान लिया था कि वह एक अच्छा खिलाड़ी है और उसमें एक अच्छा ऑलराउंडर बनने की क्षमताएं है। शास्त्री का मानना है कि इस क्रिकेटर को घरेलू धरती पर घूमती हुई पिचों पर लाल गेंद से अधिक मैच खेलने चाहिए थे। उन्होंने कहा, 'वह अभी सिर्फ 25 साल का है। मुझे लगता है कि उसे और ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिये था। भारत में जहां गेंद टर्न ले रही हो, वहां वह घातक साबित हो सकता है, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने प्रदर्शन किया था। उसने कुछ सीनियर स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया था और इसके साथ ही वह अच्छा बल्लेबाज भी है।

# पाकिस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग का औपचारिक निमंत्रण मिला

लुसाने (स्विट्जरलैंड)। हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतररष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाकिस्तान हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया। आगामी सत्र 'लीग ऑफ द बेस्ट' का सातवां सत्र होगा।

# आईएसएल इसी प्रकार स्थगित रहा तो फुटबॉल पीछे चला जाएगा : छेत्री

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री का मानना है कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित बने रहने से देश में फुटबॉल को नुकसान होगा। छेत्री के अनुसार इससे खिलाड़ियों में संशय के हालात हैं। इससे प्रशंसकों में भी कई आशंकाएं हैं। छेत्री इस लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलते हैंऔर अनका कहना है कि कई लोगों ने उनसे संपर्क कर देश में फुटबॉल के भविष्य को लेकर चिन्ताएं जतायी हैं। साथ ही कहा कि इससे खेल में उभर रहीं प्रतिभाओं का भी मनोबल गिरेगा। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा , मुझे सबसे पहले ये चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसमें मुझे क्या करना होगा। इसके बाद कई क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे लगा कि मेरी समस्या उतनी बड़ी नहीं है।



भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, आदि के कई संदेश मिले हैं। छेत्री ने कहा कि, भारतीय फुटबॉल में अभी जो स्थिति बनी हुई है , वैसी पहले कभी नहीं थी। इसी कारण इस खेल से जुड़े लोग चिंतित, और घबराये हुए हैं। गौरतब है कि आयोजकों और अखिर भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच करार का नवीनीकरण नहीं होने से 2025-26 के सत्र को अनिश्चितता के लिए स्थगित कर दिया गया है। आईएसएल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है ।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

**किंगस्टन(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे टी20 में हरा दिया है। जमैका के किंग्सटन के सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारुओं ने आठ विकेट से जीत हासिल की। जोश इंगलिस और कैमरन ग्रीन ने तूफानी पारियां खेलीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 15.2 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। इंगलिस 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 78 रन बनाकर नाबाद रहे।



वहीं, कैमरन ग्रीन ने 32 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 56 रन की नाबाद पारी खेली। इंगलिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहला टी20 ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से अपने नाम किया था और अब दूसरा टी20 जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टी20 26 जुलाई को सेंट किट्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ओपनिंग के लिए आए थे, लेकिन वह फेल रहे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत सधी हुई रही थी। ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, इसमें ज्यादातर योगदान किंग का रहा। किंग ने अर्धशतक जमाया। वह 36 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम पूरी तरह विफल रहा।

शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड खाता खोले बिना आउट हुए। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली और स्कोर 130 के पार पहुंचाया। होल्डर एक रन बनाकर आउट हुए। आखिर में गुडाकेश मोती ने नौ गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से नाबाद 18 रन बनाए और स्कोर 172 तक ले गए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस और मैक्सवेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, बेन ड्वारशुइस को एक विकेट मिला।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। ग्लेन मैक्सवेल 10 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 12 रन और कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंगलिस और ग्रीन ने रही सही कसर पूरी कर दी। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। इंगलिस ने 33 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 78 रन और ग्रीन ने 32 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से होल्डर और जोसेफ को एक-एक विकेट मिला।

# पीवी सिंधु ने विश्व नंबर 6 तोमोका मियाजाकी को हराया, प्री-क्वाटर्र फाइनल में किया प्रवेश



चांगझोउ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपना अभियान समाप्त किया।

## करुण नायर के पास अपने को साबित करने का अंतिम अवसर

लंदन। आठ साल बाद इंग्लैंड दौरे से भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर अगर इस बार रन नहीं बना पाते हैं तो उनका करियर समाप्त हो जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में वह असफल रहे हैं। घरेल क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में अवसर मिला था पर वह अब तक उसका लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीरीज के शुरुआती तीनों मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद वह बड़े स्कोर नहीं बना पाये हैं। उन्हें एक के बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में भी अवसर मिले। नायर ने मौजूदा सीरीज में अब तक 3 टेस्ट की 6 पारियों में 21.83 की औसत से 131 रन बनाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने चौथे टेस्ट से पहले करुण का बचाव करते हुए कहा, 'हां, हमने उससे बात की है लेकिन हम समझते हैं कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस तरह की सीरीज में कोई खिलाड़ी वापसी करता है तो वह कठिन होता है। पर हम नहीं समझते कि उनकी बल्लेबाजी के साथ कोई मामला है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की पहली प्रतिक्रिया आई सामने

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने घोषणा की कि वे पहले राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का अध्ययन करेंगे, जो बुधवार को संसद में पेश किया जाना है, और उसके बाद ही वे इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार ने खुलासा किया कि बीसीसीआई प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 के दायरे में आएगी जिसे संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि बीसीसीआई सरकारी धन पर निर्भर नहीं है, फिर भी विधेयक में इसके शामिल होने की व्यापक रूप से उम्मीद थी, खासकर 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय क्रिकेट टीम की प्रस्तावित भागीदारी को देखते हुए।

शुक्ला ने विधेयक पेश होने से पहले इस पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा, %हमें विधेयक पेश होने के बाद इसका अध्ययन करना होगा। उसके बाद ही मैं इस पर अपने विचार व्यक्त कर सकता हूं।' बीसीसीआई तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत है। बीसीसीआई भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के सभी पहलुओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। फिलहाल बीसीसीआई 45 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों के अंतर्गत नहीं आता है। अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस विधेयक के दायरे में आता है, तो वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अधीन भी आ सकता है।

अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSF) के चुनावों और खिलाड़ियों के चयन को लेकर बार-बार होने वाले मुकदमेबाजी, एक समर्पित विवाद समाधान मंच का अभाव, महासंघों में खिलाड़ियों का कमजोर या नाममात्र का प्रतिनिधित्व, खेल नेतृत्व में लैंगिक असंतुलन और सभी महासंघों में मानक चुनावी प्रक्रिया का अभाव जैसी समस्याओं का समाधान करेगा।


उन्होंने कहा कि यह हस्स्न में वित्तीय अस्पष्टता और खराब प्रशासन के साथ-साथ आंतरिक शिकायत निवारण प्रणालियों के अभाव से निपटने में भी मदद करेगा। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का उद्देश्य खेल निकायों के पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित करना है जिससे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य हो जाएगा। इसका उद्देश्य खेल न्यायाधिकरण के माध्यम से विवादों का त्वरित समाधान और चुनाव पैनल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की भूमिका नियंत्रक की नहीं, बल्कि सुविधा प्रदाता की होगी।



# एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस विलियम्स

वाशिंगटन। वीनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया और डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।





# क्या पति सोहेल कथूरिया से तलाक ले रहीं हैं हंसिका मोटवानी?

मनोरंजन जगत की चर्चित अभिनेत्री हंसिका मोटवानी इस समय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने दो साल पहले बिजनेसमैन पति सोहेल कथूरिया से शादी की थी। पिछलों दिनों दोनों के रिश्तों के बीच में कड़वाहट की खबरें आई थीं और तलाक की भी अटकलें लग रही थीं। साथ ही दोनों के अलग-अलग रहने की भी बात सामने आई थी। अब इस मामले पर अभिनेत्री के पति ने चुप्पी तोड़ते हुए जवाब दिया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या बताया।

### क्या सचमुच दोनों हुए अलग?

हंसिका मोटवानी के पति सोहेल कथूरिया ने तलाक की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा, 'यह सच नहीं है।' लेकिन एक्ट्रेस के पति ने दोनों के अलग रहने की अफवाहों पर कोई जवाब नहीं दिया, जिससे कई सवाल अभी भी बने हुए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया कि अभिनेत्री हंसिका मोटवानी अपनी मां के साथ रहने लगी हैं, जबकि उनके पति फिलहाल अपने माता-पिता के साथ रह रहे हैं। इसके साथ ही रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब दिसंबर 2022 में दोनों की शादी हुई थी तो वे शुरुआत में साथ रहते थे। हालांकि, बाद में दोनों के बीच सामंजस्य ना होने के कारण दोनों उसी बिल्डिंग के अलग-अलग अपार्टमेंट में रहने लगे। इसके बाद भी दोनों के बीच की नाराजगी नहीं ठीक हो पाई। इस जोड़े ने 4 दिसंबर, 2022 में जयपुर में शादी की थी।

### हंसिका मोटवानी का वर्कफ्रंट

हंसिका मोटवानी ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उस शो का नाम था 'शका लका बूम बूम'। इसके अलावा वह सिंघम 2 (तमिल), बोगन, आंबाला जैसी साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



# एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन निभाएंगे मल्टीपल रोल

## दीपिका, जाह्नवी, रश्मिका और मृणाल संग बनेगी जोड़ी

पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन और एटली इस वक्त फिल्म AA22×A6 पर काम कर रहे हैं। ये फिल्म मच अवेटेड होने के साथ अपनी हाईप्रोफाइल स्टारकास्ट की वजह से सुर्खियों में है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर, रश्मिका मंदाना और मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अल्लू अर्जुन एटली की इस फिल्म में मल्टीप्ल रोल में नजर आएंगे। ये पहली बार होगा, जब पुष्पा स्टार एक साथ कई किरदार निभाएंगे। फिल्म में एक्टर पूरे परिवार का किरदार निभाते नजर आएंगे। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, अल्लू एटली की अगली फिल्म में अपने पूरे परिवार का किरदार निभा रहे हैं। वह फिल्म में दादा, पिता और दो बेटों का किरदार करते नजर आएंगे। यह उनके करियर की पहली मल्टीप्ल रोल वाली फिल्म होगी। सूत्र ने बताया है कि अल्लू ने खुद ही चारों किरदार निभाने पर जोर दिया। एक्टर के कहने पर पहले तो एटली थोड़ा हिचकिचाए, लेकिन लुक टेस्ट के बाद उन्हें लगा कि यह फिल्म के लिए फायदेमंद रहेगा। दर्शकों को एक टिकट की कीमत पर अल्लू अर्जुन के 4 अलग-अलग अवतार देखने को मिलेंगे। फिल्म का एक और बड़ा हाईलाइट रश्मिका मंदाना का किरदार होगा। 'पुष्पाः द राइज' और 'पुष्पा 2- द रूल' में अल्लू अर्जुन के अपोजिट दिखीं रश्मिका AA22×A6 में निगेटिव रोल में नजर आएंगी। ये भी पहली बार होगा, जब ऑडियंस रश्मिका को निगेटिव किरदार में देखेगी। विलेन के रूप में, रश्मिका अल्लू अर्जुन, दीपिका, जाह्नवी और मृणाल के साथ मुकाबला करेंगी।









# फिर साथ दिखेगी कंगना रनौत और आर माधवन की हिट जोड़ी

फिल्म तनु वेड्स मनु और उसके सीक्वल तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में जबरदस्त केमिस्ट्री दिखा चुके कंगना रनौत और आर माधवन अब एक बार फिर पर्दे पर साथ नजर आने को तैयार हैं। इस बार ये जोड़ी लेकर आ रही है एक रोमांचक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म, जिसका नाम रखा गया है सर्कल। इस फिल्म को लेकर अपडेट सामने आया है। दर्शक इस जोड़ी को दशहरे 2025 पर एक बार फिर साथ में देख सकेंगे।

### तीन भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं ए एल विजय, जो साउथ सिनेमा के जाने-माने निर्देशक हैं। वहीं इस फिल्म का निर्माण कर रही है ट्राइडेंट प्रोडक्शन्स। देक्कन क्रॉनिकल की रिपोर्ट की मानें तो ये फिल्म तीन भाषाओं- हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज की जाएगी। सर्कल को एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट बताया जा रहा है, जिसकी शूटिंग चेन्नई, ऊटी, जयपुर और हैदराबाद जैसी अलग-अलग जगहों पर की गई है।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

सर्कल की कहानी को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आए हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जिसमें सस्पेंस की परतें धीरे-धीरे खुलेंगी। सूत्रों की मानें तो कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट ये होगा कि एक मरीज और डॉक्टर असल में एक ही इंसान होते हैं। कुछ इसी प्लॉट के ईर्द-गिर्द ही ये कहानी घूमने वाली है।

### क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग हैदराबाद में हुई

फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एक क्लब में इसका आखिरी सीन फिल्माया गया, जिसमें आर माधवन के साथ एक और प्रमुख भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री अवंतिका मिश्रा नजर आएंगी। इस क्लब सीन के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी हुई।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म सर्कल के 2025 के दशहरे के मौके पर रिलीज होने की खबर सामने आ रही है। हालांकि इसका अभी ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। खास बात ये है कि हिंदी, तमिल और तेलुगु के अलावा इसकी मलयालम डबिंग पर भी काम चल रहा है।



# कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर खुशी कपूर ने बेबाकी से दिया जवाब


मनोरंजन जगत में खुद को ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन खूबसूरत और आकर्षक दिखाने के लिए एक्टर्स कई तरीकों को अपनाते हैं। इस कड़ी में बोटॉक्स और त्वचा निखारने वाले अन्य कॉस्मेटिक सर्जरी शामिल हैं। अब इस मामले पर अभिनेत्री खुशी कपूर ने बेबाकी से अपनी राय रखी है।

### खुशी कपूर ने सर्जरी की बात स्वीकारी

हाल ही में खुशी कपूर ने बातचीत में कॉस्मेटिक सर्जरी और शारीरिक बदलाव कराने पर विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा, हां, मैंने अपना रूप बदला है, लेकिन हर कोई सोचता है कि मैंने खुद पर कई तरीके के प्रयोग किए हैं। मुझे नहीं लगता कि अपने लुक के लिए सर्जरी करवाना इतनी बड़ी बात है। मेरे लिए, अपने आस-पास के लोगों के साथ अपने लुक के बारे में बेईमानी करना ठीक नहीं है। बहुत सारे प्रभावशाली युवा हैं, जो हमें इंटरनेट पर फॉलो करते हैं। साथ ही, अगर हम अपने लुक के बारे में कुछ नहीं करते हैं, तो यह एक समस्या है और लोग आपको आपके लुक के आधार पर जज करेंगे। अगर हम अपने लिए कुछ करते हैं, तो भी लोगों को समस्या है।'

### खुद के मन से जीती हैं जिंदगी

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'लोग कहेंगे कि उन्होंने खुद को क्यों बदला और अपने असली लुक पर क्यों नहीं टिकीं? तो, आप मुझसे किसी भी तरह से जीतने वाले नहीं हैं। मैं अपनी जिंदगी वैसे ही जीने वाली हूं जैसे मैं चाहती हूं। मुझे अपने लुक्स की परवाह है, लेकिन मैंने अपने चेहरे में मात्र कुछ बदलाव करवाएं हैं। इसीलिए मैंने उनके बारे में खुलकर बात की।'



# इंडस्ट्री में टैलेंट से ज्यादा सोशल मीडिया फॉलोवर्स की वैल्यू

'जामताड़ा', '12वीं फेल' जैसे प्रोजेक्ट में काम कर चुके एक्टर अंशुमान पुष्कर ने इंडस्ट्री में कास्टिंग प्रोसेस को लेकर खुलासे किए हैं। अपने एक हालिया इंटरव्यू में एक्टर ने बताया है कि कैसे कास्टिंग के दौरान सोशल मीडिया फॉलोअर्स को ध्यान में रखा जाता है। फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने फिल्मों में रोल भी गंवाए हैं। अंशुमान बताते हैं कि सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स कम होने की वजह से उन्होंने एक फिल्म गंवा दी थी। उन जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सोशल मीडिया फॉलोअर्स तक सीमित रह गई है। वो कहते हैं- 'हालांकि, मैं इन सारी बातों को पर्सनली नहीं लेता हूं। अगर कोई प्रोड्यूसर या डायरेक्टर टैलेंट से ज्यादा फॉलोअर्स की तरजीह दे रहा है तो ये उनकी च्वाइस है। इसका ये मतलब नहीं है कि जिन एक्टर को नहीं चुना गया, उनमें कम प्रतिभा है।' इस वक्त इंस्टाग्राम पर अंशुमान के 91 हजार फॉलोअर्स हैं। जब इंटरव्यू में अंशुमान से पूछा गया कि क्या एक्टर का एक्टिंग स्किल्स से ज्यादा सोशल मीडिया पर एक्टिव होना जरूरी है? सवाल के जवाब देते हुए वो आगे कहते हैं- आप रणबीर कपूर से अपनी तुलना नहीं कर सकते हैं। उनके पास पहले से ही काफी फैंस हैं। हम जैसे एक्टर्स की कास्टिंग सिर्फ इंस्टाग्राम फॉलोअर्स तक सीमित हो गई है। हालांकि, मुझे इस बात से शिकायत नहीं है। ये तो सिस्टम का हिस्सा है। अंशुमान की वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्टर ने साल 2018 में अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। बड़े पर्दे पर उन्होंने साल 2023 में विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल में काम किया था। फिलहाल वो राजकुमार राव की फिल्म मालिक में नजर आए हैं।



# कास्टिंग डायरेक्टर से एक्ट्रेस बनीं भूमि, पहली फिल्म को मिला अवॉर्ड

**भूमि पेडनेकर ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। इनमें कई फिल्में हिट रहीं और कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक नहीं चल सकीं। हालांकि लगभग सभी फिल्मों में उनकी बेहतरीन अदाकारी के लिए उन्हें सराहा गया। पढ़ाई के बाद उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनकी पहली ही फिल्म हिट रही। फिल्मों के अलावा वह दूसरे कामों को लेकर भी चर्चा में रहीं। उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ अहम बातें।**

### यश राज फिल्म्स में किया असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर का काम

भूमि पेडनेकर ने यशराज फिल्म्स के साथ छह वर्षों तक बतौर असिस्टेंट कास्टिंग डायरेक्टर काम किया। इसके बाद भूमि ने पहली बार फिल्म दम लगा के हईशा(2015) में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया। इसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना थे। उनकी पहली ही फिल्म काफी कामयाब रही। इस फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए भूमि को बेस्ट फीमेल डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद भूमि ने टॉयलेटः एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान और बाला जैसी बेहतरीन फिल्में कीं।

### फिल्में फ्लॉप लेकिन किरदार हिट

भूमि पेडनेकर ने अपने छोटे से करियर में कई फिल्में की हैं। हालांकि उनकी बहुत कम ही फिल्में कामयाब रही हैं। फिल्म बधाई दो में भूमि पेडनेकर ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो समलैंगिक होती है। उनकी यह फिल्म बहुत अच्छी नहीं चल सकी। फिल्म रक्षा बंधन में उन्होंने एक ऐसी प्रेमिका का किरदार निभाया है जिसका प्रेमी अपनी बहनों की वजह से अपनी शादी नहीं कर पाता है। यह फिल्म फ्लॉप रही थी। इसी तरह से भूमि ने भक्षक फिल्म में एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो पत्रकार होती है। उनकी यह फिल्म भी कुछ खास नहीं कर सकी थी। इन सभी फिल्मों में उनकी अदाकारी की तारीफ हुई।

### भूमि ने वेब सीरीज में की रंग जमाने कोशिश

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों के अलावा वेब सीरीज में बेहतरीन काम किया। 9 मई 2025 को वेब सीरीज द रॉयल्स रिलीज हुई। इसमें उनके साथ ईशान खट्टर अहम किरदार में थे। सीरीज की कहानी एक शाही परिवार पर आधारित है, जो आर्थिक तंगी से जूझता है। इस परिवार की किस्मत तब बदलती है जब एक कारोबारी लड़की सोफिया आती है और उनके महल को एक लक्जरी रिसॉर्ट में बदलने की कोशिश करती है। सीरीज में भूमि की अदाकारी की तारीफ हुई। भूमि जल्द ही वेब सीरीज दलाल में नजर आने वाली हैं। यह सीरीज किताब भिंडी बाजार पर आधारित होगी।

### भूमि पेडनेकर का फिल्मों के अलावा काम

भूमि पेडनेकर ने फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी नाम कमाया है। भूमि को फोर्ब्स इंडिया ने 2018 की अपनी 30 अंडर 30 सूची में शामिल किया था। पेडनेकर को रेडिफ डॉट कॉम की 2020 की सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड अभिनेत्रियों की सूची में पांचवां स्थान मिला। उन्हें टाइम्स की 50 सबसे बेहतरीन महिलाओं की सूची में कई बार जगह मिली। 2019 में वह 40वें और 2020 में 39वें स्थान पर रहीं। 2019 में, पेडनेकर ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्लाइमेट वॉरियर नाम का एक अभियान शुरू किया। वह बॉलीवुड इंडस्ट्री में वेतन समानता जैसे मुद्दों पर भी मुखर हैं। भूमि पर्यावरण संरक्षण की समर्थक भी हैं। वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के लिए काम कर रही हैं।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।